संसेक्स 74,332.58 ● निफ्टी 22,552.50 ● डॉलर 87.15 ₹ ● सोना 86,310 ₹ ● चांदी 1,08,000 ₹

पेज 06 महिला सशक्तिकरण के मायने
पेज 08 मुख्यमंत्री ने सम्राट जरासंध...
पेज 12



पारा आपडेट
मैक्सिमम 32.00 | मिनीमम 16.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.55
सूर्योदय (कल) ▸ 06.04

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, रविवार 09 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 245 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल-तिब्बत सीमा पर 5.9 तीव्रता का भूकंप, काठमांडू तक हिली धरती

**काठमांडू।** नेपाल और तिब्बत की सीमा पर आज दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 मापी गयी है। भूकंप का असर चीन सीमा से लगे कई जिलों में दिखा। राजधानी काठमांडू में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी भी प्रकार के जानमाल की क्षति होने की कोई खबर नहीं है। नेपाल के भूकंप मापन केंद्र के मुताबिक, शनिवार दोपहर स्थानीय समय के अनुसार 2:35 बजे भूकंप आया। भूगर्भविद भरत कोइराला ने कहा कि भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिगात्से में है।

### जम्मू से श्रीनगर के लिए एक अप्रैल से शुरू होगी सुबह की नियमित उड़ान, मिली मंजूरी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के लोगों के अच्छी खबर है। खासकर सरकारी अधिकारियों और व्यवसायियों के लिए यह खबर बहुत ही फायदेमंद और समय बचाने वाली है। ऐसा नागरिक उड्डयन अथारिटी के रोजाना सुबह जम्मू से श्रीनगर के लिए उड़ान शुरू करने से संभव होने जा रहा है। नागरिक उड्डयन के अधिकारियों ने इसकी मंजूरी दे दी है। अब 01 अप्रैल से रोजाना सुबह जम्मू से कश्मीर के लिए नियमित उड़ान शुरू होगी। यह जानकारी अंतरिक्ष विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री और उधमपुर के सांसद डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी।

### बागडोगरा एयरपोर्ट पर भारतीय वायुसेना का विमान क्रैश, सभी क्रू सदस्य सुरक्षित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बागडोगरा एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि अधिकारियों ने कहा है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और सभी क्रू सदस्य सुरक्षित हैं। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने शनिवार?? को कहा कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई है। विमान को दुर्घटनास्थल से हटाने के प्रयास जारी हैं। भारतीय वायुसेना ने विमान को मौके से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार इस दुर्घटना से हवाई अड्डे के क्षेत्र में कुछ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है, ताकि दुर्घटनाग्रस्त लैंडिंग के कारणों का पता लगाया जा सके।

### 122 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 122 करोड़ रुपये के घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष और कार्यवाहक उपाध्यक्ष के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांचकताओं ने बैंक के कथित मास्टरमाइंड और पूर्व अध्यक्ष हिरेन भानु को अबू धाबी और उनकी पत्नी गौरी, जो बैंक की कार्यवाहक उपाध्यक्ष हैं, को थाईलैंड में ट्रेस किया है, जिसके बाद उक्त नोटिस जारी किया गया। ईओडब्ल्यू ने शुरू में एक लुकआउट सर्कुलर जारी किया था और अब विदेश में उनके ठिकानों की पुष्टि होने के बाद अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि ब्लू कॉर्नर नोटिस से भानु के ठिकानों को ट्रैक करने, उनकी गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी गिरफ़्तारी में मदद मिलेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक कल्पना सोरेन ने महिलाओं को दी शुभकामनाएं

# महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का हो रहा है कार्य : कल्पना

संवाददाता

रांची। विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विभिन्न समूहों से पहुंची महिलाओं ने मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से मिलने पहुंची। महिलाओं ने उन्हें ज्ञापन के माध्यम से अपनी कुछ मांगों एवं भावनाओं से अवगत कराया।

मौके पर विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने





निरंतर प्रयास कर रही है।

विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने कहा कि जल्द ही राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बैंक खाते में 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' की राशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा झारखंड

विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है, मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक संवेदनशील और मजबूत सरकार के गठन में आप सभी महिलाओं का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। राज्य की महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान देते हुए आपकी अपनी अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है।

### महिलाओं ने कल्पना के प्रति जताया आभार

विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने सभी महिलाओं को पुनः एक बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित विभिन्न समूह की महिलाओं ने भी विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन के प्रति आभार जताया। महिलाओं ने विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा यहां की नारीशक्ति के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। झारखंड की महिलाओं के प्रति राज्य सरकार का संवेदनशील और कृत संकल्पित प्रयास देशभर में अनुकरणीय बना है। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक अमित महतो उपस्थित थे।

## 'नारी नेतृत्व से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलीं राष्ट्रपति

# आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी व सशक्त महिलाओं के बल पर ही विकसित बन सकता है भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कहा कि स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए पुरुषों से महिलाओं को सहयोग करने की अपील की है।

राष्ट्रपति नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित 'नारी नेतृत्व से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए स्वयं को समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प हम सबका संकल्प है, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इसलिए पुरुषों को महिलाओं को सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम पर सहयोग करना चाहिए। महिलाओं को पूरे आत्मविश्वास, लगन एवं मेहनत के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए और देश एवं समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस अवधि में महिला समुदाय ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि वह अपनी जीवन यात्रा को इस प्रगति का एक हिस्सा मानती हैं। ओडिशा के एक साधारण परिवार और पिछड़े इलाके में जन्म लेने से लेकर राष्ट्रपति भवन तक का उनका सफर भारतीय समाज में महिलाओं के लिए समान अवसरों और सामाजिक न्याय की कहानी है। उन्होंने विश्वास जताया कि महिलाओं की सफलता के उदाहरण आगे भी बढ़ते रहेंगे।



### महिलाओं के प्रति सम्मान से ही भयमुक्त माहौल बनेगा

राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने को लेकर लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर माहौल मिलना जरूरी है। उन्हें ऐसा माहौल मिलना चाहिए जहां वे बिना किसी दबाव या डर के अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय ले सकें। हमें ऐसा आदर्श समाज बनाना है, जहां कोई भी बेटी या बहन अकेले कहीं जाने या रहने से न डरे। महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना ही भयमुक्त सामाजिक माहौल बनाएगी। ऐसे माहौल में लड़कियों को जो आत्मविश्वास मिलेगा, वह हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जब भी हमने महिलाओं की प्रतिभा का सम्मान किया है, उन्होंने हमें कभी निराश नहीं किया है। हम संविधान सभा की सदस्य रहीं सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी और हंसाबेन मेहता जैसी विभूतियों के योगदान को नहीं भूल सकते। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां महिलाओं ने अपनी बुद्धि, विवेक और ज्ञान के बल पर न केवल ख्याति अर्जित कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, बल्कि देश और समाज का मान भी बढ़ाया है। चाहे विज्ञान हो, खेल हो, राजनीति हो या समाज सेवा हो- सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का सम्मान जगाया है।

# एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या

- तीन संदिग्ध पुलिस की हिरासत में, की जा रही पूछताछ

संवाददाता

**हजारीबाग।** एनटीपीसी कोल परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच डिपार्टमेंट के डीजीएम पद पर कार्यरत गौरव कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गई। शनिवार को वे अपने घर से हजारीबाग से ऑफिस के लिए निकले थे। उनकी गाड़ी जैसे ही हजारीबाग के फतहा चौक के पास पहुंची बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी ओवरटेक कर उन्हें गोली मार दी। वे ऑफिस की स्कॉर्पियो में सवार थे। गाड़ी में उनके अलावा दो और लोग बैठे थे। आनन-फानन में उन्हें पास के ही आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं कुमार गौरव की गाड़ी में ड्राइवर और एक और कर्मी साथ था। कुमार गौरव पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। गोली सीधे कुमार गौरव को लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने अमृत



घोषित कर दिया। यह घटना आग की तरह पूरे हजारीबाग में फैल गई। एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली। वहीं जिले के एसपी अरविंद कुमार सिंह अस्पताल में जानकारी प्राप्त कर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली कैबिनेट से महिला समृद्धि योजना को मंजूरी

- गरीब महिलाओं को हर माह मिलेंगे 2500 रुपये
- बजट में योजना के लिए 5100 करोड़ का प्रावधान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महिला समृद्धि योजना के तहत गरीब बहनों को 2500 रुपये देने के वादे को पूरा करते हुए कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का एक सुंदर अवसर है और इस अवसर का सदुपयोग करते हुए हमने अपनी कैबिनेट की बैठक की, जिसमें सभी मंत्री उपस्थित रहे। कैबिनेट ने महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए दिल्ली सरकार ने अपने बजट में 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भाजपा दिल्ली महिला मोर्चा के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर रेखा गुप्ता के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत कई प्रमुख नेता शामिल हुए। रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारा समाज बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ से होता हुआ बेटी बढ़ाओ तक पहुंचा है। यह हम सभी के लिए खुशी की बात है। समाज को आगे आना होगा कि बेटी बढ़ाने के लिए न केवल शिक्षा बल्कि उसका स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता, सम्मान और सशक्तीकरण जैसी हर चीज को जोड़ना होगा।

## मुख्यमंत्री ने 'बाहा पर्व' पर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना

# राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और की कामना की

संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज प्रकृति उपासना का महापर्व 'बाहा पर्व' के अवसर पर जमशेदपुर, कदमा के शास्त्रीनगर स्थित सरना पूजा स्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज को सशक्त बनाने हेतु सरकार प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक संरक्षण के साथ-साथ बहुआयामी दृष्टिकोण पर आधारित मजबूती प्रदान की जा रही है। आज आदिवासी समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। आदिवासी सभ्यता व संस्कृति झारखंड की पहचान है। आदिवासी समाज ही प्रकृति के असली संरक्षक हैं। इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद श्रीमती जोबा मांझी, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक श्रीमती सविता महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावे आदिवासी संथाल जाहेरथान समिति के संरक्षक लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कासके, सचिव पंचू हांसदा, महासचिव भीम के अलावे माझी बाबा बिन्दे सोरेन, सुरेंद्र टुडू एवं समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## अधिवेशन › रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने की भारतीय रेलवे मजदूर संघ के अधिवेशन में शिरकत, बोले

# रेलवे करेगा एक लाख भर्ती, बीकानेर से चलेगी वंदे भारत

एजेंसी

**बीकानेर।** केन्द्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को कहा कि अब तक हम रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी सुधार पर ज्यादा ध्यान दे रहे थे। अब इस वर्ष 2025 में रेलवे में कर्मचारी भर्ती पर फोकस रहेगा। करीब एक लाख खाली पदों पर कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट से ज्यादा सुविधा मिलेगी। दो-तीन साल बाद हर देशवासी रेलवे में हुए बदलाव की बात करता नजर आएगा। बिट्टू भारतीय रेलवे मजदूर संघ की ओर से आयोजित 21 वे त्रैवार्षिक अधिवेशन को बीकानेर में संबोधित कर रहे थे।

रेल राज्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर उसके आधुनिकीकरण तक आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत की



संकल्पना को साकार करने के लिए रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। एक-एक रेलवे स्टेशन पर 5-6 करोड़ लेकर 21-21 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ताकि हमारे देश में भी वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बन सकें। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे मजदूर संघ देशभक्तों का टोला है। दो दिवसीय सम्मेलन के बाद जो भी डॉक्यूमेंट यूनियन की तरफ से भेजा जाएगा। उस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए कर्मचारियों की पदोन्नति से लेकर अन्य सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि बीकानेर से जल्द वंदे भारत ट्रेन चलेगी। साथ ही कोटगेट और सांखला फाटक की समस्या का भी जल्द निस्तारण किया जाएगा। इससे किसी का नुकसान भी ना हो, इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

### टर्निंग प्वाइंट साबित होगा अधिवेशन

भारतीय रेलवे मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी. सुंदरम ने कहा कि यह अधिवेशन संगठन के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन में जो भी निष्कर्ष निकलेगा। उसे रेल मंत्रालय भिजवा दिया जाएगा। अधिवेशन को महामंत्री मंगेश एम.देशपांडे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष पटेल ने किया, जबकि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, पूर्व मेयर सुशीला कंवर राजपुरोहित, पूर्व मेयर नारायण चौपड़ा, यूआईटी के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका, टेकचंद बरड़िया, विनायक शर्मा, उद्यमी जुगल राठी, अजय कुमार त्रिपाठी, विनय कुमार झा, हनुमान दास, सुनील कुमार शादी सहित भारतीय रेलवे मजदूर संघ के देशभर से आए 570 सदस्यों समेत जिले के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मंत्री ने की बीकानेर डीआरएम की प्रशंसा

रेल राज्यमंत्री ने बीकानेर डीआरएम की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे अच्छा कार्य कर रहे हैं। एनडब्ल्यूआर में बीकानेर डिवीजन सबसे बड़ा है। लिहाजा उनकी काबिलियत को देखते हुए ही इन्हें यहां लगाया गया है। इससे पूर्व रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने आचार्य तुलसी के समाधि स्थल पर पहुंच कर मत्था टेका।

# एटीएस ने हिजबुल मुजाहिदीन के संदिग्ध आतंकी को जम्मू-कश्मीर से किया गिरफ्तार

- 2001 में एके-56 के साथ किया गया था गिरफ्तार
- वर्ष 2007 में जमानत मिलने के बाद से था फरार

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की सहारनपुर की टीम ने मुरादाबाद पुलिस के सहयोग से 25 हजार के इनामी संदिग्ध आतंकी उल्फत हुसैन को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन से जुड़ा हुआ है। इससे पूर्व मुरादाबाद में उसे एके-56 के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वर्ष 2007 में जमानत मिलने के बाद फरार हो गया था।

एटीएस ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संदिग्ध आतंकी उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम उर्फ अफजाल उर्फ परवेज उर्फ हुसैन मलिक जम्मू- कश्मीर के पुंछ के ग्राम फजलाबाद का रहने वाला है। उल्फत हुसैन ने वर्ष 1999 से 2000 तक पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर पीओके में ट्रेनिग प्राप्त की। वह पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर से ट्रेनिग करने के उपरान्त मुरादाबाद आया था और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के प्रयास में था। एटीएस को जानकारी मिली थी कि मुरादाबाद जिले में उल्फत हुसैन राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखायेगी



**रांची।** झारखंड में मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखायेगी। माह के अंत से रांची सहित अधिकांश जिलों में तापमान चार से पांच डिग्री की वृद्धि होगी। इससे रांची में तापमान बढ़कर लगभग 37-38 डिग्री हो जाएगा, जबकि गर्मी अभी तीन माह बाकी है। वहीं शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। सुबह में ठंड का एहसास हुआ, जबकि दोपहर में गर्मी का एहसास हुआ। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री, जमशेदपुर में 32.9, डालटेनगंज में 33.2, बोकारो में अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री, चाईबासा 34.8, देवघर 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### श्री राधा- कृष्ण मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर होली मिलन महोत्सव 10 मार्च को, तैयारियां पूरी

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वाधान में पुंदाग स्थित श्री राधा- कृष्ण मंदिर में 10 मार्च को होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि संत श्री स्वामी सदानन्द जी महाराज के आगमन के पश्चात वृंदावन की होली के तर्ज पर होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम के प्रांगण में श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के हॉल मे 10 मार्च दिन सोमवार को अपराह्न- 3 बजे से शाम 6 बजे तक गुरु महाराज के सानिध्य में फूलों की होली,अबीर गुलाल की होली खेली जायेगी। तथा श्री राधा- कृष्ण की भव्य श्रृंगार, भजन-कीर्तन एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम समापन के पश्चात संतश्री अपने शिष्यों एवं आये हुए भक्तो के बीच प्रसाद वितरण करेगे एव आये हुए सभी श्रद्धालुओ को अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने बताया कि होली मिलन महोत्सव की भी अनुपम व्यवस्था की गई है उन्होंने सभी कृष्ण भक्तों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु डूंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, चिरंजीवी लाल खंडेलवाल, विजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, विशाल जालान, पवन कुमार पोद्दार, नन्द किशोर चौधरी,बिष्णु सोनी, मनीष सोनी, अरविंद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, विद्या देवी अग्रवाल, सहित अन्य सदस्य अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### श्री श्याम मंडल रांची का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव आज से

**रांची।** श्री श्याम मण्डल रांची का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव दिनांक 9 मार्च 2025 से 11 मार्च 2025 तक अत्यन्त श्रद्धा एवम धूमधाम से आयोजि किया जाएगा। सभी कार्यक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आयोजित होंगे। मोहत्सव की तैयारी को अंतिम रूप रेखा देने हेतु मण्डल के सदस्यगण पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं । इस कार्यक्रम को लेकर पूरे मन्दिर की साफ सफाई के पश्चात आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है तथा श्रृंगार के लिए कोलकाता से आए हुए कुशल कारीगरों की टीम कार्य में जुटी हुई है । दिनांक 9 मार्च को अपरान्ह 3 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर (सेवा सदन हॉस्पिटल के निकट) से विधि विधान से निशान (ध्वजा) यात्रा प्रारम्भ जो नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु नगर वासियों को आशीष प्रदान करेंगे साथ ही इस अवसर पर मुख्य तौर पर 750 नर नारी अपने कंधों पर श्री श्याम नाम रूपी निशान लहराते हुए चलेंगे साथ ही भजन गायक की टोली सम्पूर्ण मार्ग में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह 9 मार्च को

**रांची।** रविवार 9 मार्च 2025 को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। होली मिलन समारोह कार्यक्रम पिस्कामोड स्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर रखा गया है। इस अवसर पर 9 मार्च रविवार को होली का रंगारंग कार्यक्रम, रंगारंग सांस्कृतिक सहित भजनों के आनंद संग होली के गीत सहित हास्य कविताओं का आयोजन किया गया है यह आयोजन 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित की गई है इस अवसर पर मोटे अनाज के बयन्जन का भी लुपत हम उठा सकेंगे। बाहर के कलाकारों द्वारा नृत्यनाटिका संग होली के रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किए जाएंगे। इस अवसर पर कई मुख्य व विशिष्ट अतिथियों सहित रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता सभी सम्मानित जनता इस कार्यक्रम में आमंत्रित है।

# गृह रक्षा वाहिनी व अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग : सीएम

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती है। राज्य



सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।

**जीवन में खेलकूद की बहुत अहमियत**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है।

खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है।

विजेता एवं उपविजेता टीमों के प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीसी ने शिशु गृह का किया शुभारंभ

संवाददाता

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाहरणालय भवन में कार्यरत्त महिला कर्मियों के लिए क्रेच की सुविधा और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए समाहरणालय ब्लॉक बी कमरा संख्या -211 शिशु गृह का विधिवत फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी, शाइनी तिग्गा,जफर हसनत एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 की सुविधा मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 में 2017 के संशोधन के बाद कार्यस्थलों पर क्रेच (पालनाघर) सुविधा अनिवार्य को देखते हुए जिला प्रशासन ने क्रेच सुविधा शुरू कर दी है।

**महिलाएं अपने काम और मातृत्व के बीच संतुलन बना सकेंगी**

जिसमें महिला कर्मचारी को कार्य समय के दौरान क्रेच में बच्चे को रखने की सुविधा मिलेगी। जिससे बच्चों को स्वस्थ आहार और आरामदायक माहौल मिलेगा।

मातृत्व लाभ अधिनियम में क्रेच की सुविधा कार्यरत माताओं को सहयोग देने और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए जोड़ी गई है। इससे महिलाएँ अपने काम और मातृत्व के बीच संतुलन बना सकती हैं।

जिसमें शिशु गृह में महिला कर्मचारी अपने नवजात शिशु की देखभाल करते हुए अपने शिशु को स्तनपान के साथ अपने बच्चों को रख सकती है। इस गृह में 0 से 06 वर्ष के बच्चों को रख सकती है, जहाँ छोटे बच्चों के लिए खेल के साधन उपलब्ध है।

**नन्हे-नन्हे बच्चों को देख कर काफी खुश हुए**

जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री शिशु गृह (उफ्एउल्एए) में नन्हे-नन्हे बच्चों को देख कर काफी खुश हुए, उन्होंने उन्हें अपने गोद में लेकर खूब स्नेह दिया।

## 'मिशन यूपीएससी' पर भाजपा का हमला, अजय साह ने बताया चयन प्रक्रिया को अव्यवहारिक

वरीय संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार के मिशन यूपीएससी को लेकर कड़ी आलोचना की है। भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि यह योजना छात्रों के लिए कारगर साबित होने के बजाय एक क्रूर मजाक बन गई है। सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार, इस योजना के तहत झारखंड के 100 आदिवासी छात्रों को दिल्ली में यूपीएससी की कोचिंग के लिए 80,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। हालांकि, इस योजना का लाभ किन छात्रों को मिलेगा, इसकी चयन प्रक्रिया चौंकाने वाली है। अजय साह ने कहा कि इस योजना के तहत छात्रों की मेरिट लिस्ट तैयार करने का तरीका पूरी तरह से अव्यवहारिक और अनुचित है।

चयन प्रक्रिया के अनुसारः सबसे पहले उन छात्रों को लाभ मिलेगा जिन्होंने यूपीएससी के का साक्षात्कार दिया है। इसके बाद, यूपीएससी प्रीलिम्स पास करने वाले छात्रों को लिस्ट में शामिल किया जाएगा। तीसरे स्थान पर जेपीएससी साक्षात्कार में शामिल हुए छात्र होंगे। चौथे और अंतिम स्थान पर जेपीएससी प्रीलिम्स पास करने वाले छात्र होंगे। अजय साह ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि जिन छात्रों ने पहले ही यूपीएससी प्रीलिम्स और मेंस जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर ली हैं, उन्हें कोचिंग के लिए आर्थिक सहायता देने का क्या औचित्य है उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि यह ऐसा ही है जैसे सरकार ने पढ़ाई के लिए कोई योजना बनाई हो, लेकिन उसमें शर्त रख दी हो कि इसका लाभ केवल उन छात्रों को मिलेगा जो पहले से ही पीएचडी कर चुके हैं।

यह योजना उन छात्रों की जरूरतों को नजरअंदाज कर रही है जो वास्तव में इसकी सहायता से अपनी तैयारी बेहतर कर सकते थे।

अजय साह ने अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में ऐसी योजनाओं के तहत छात्रों की मेरिट लिस्ट प्रतियोगिता के जरिए तैयार की जाती है, जिससे योग्य और जरूरतमंद छात्रों का चयन हो सके। गुजरात सरकार ने खुद की कोचिंग व्यवस्था स्थापित की है, जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिल रहा है। अन्य राज्यों में भी ऐसी योजनाओं का लाभ उन छात्रों को दिया जाता है जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता होती है।

# वादों के निस्तारण में अधिवक्ताओं व मध्यस्थों की भूमिका अहम : न्यायामूर्ति एसएन प्रसाद

संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायामूर्ति सुजित नारायण प्रसाद ने लोक अदालत को त्वरित और सुलभ न्याय का माध्यम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का उदघाटन झालसा से होता था, आज व्यवहार न्यायालय, रांची से हो रहा है, यह पहला अवसर है और आगे भी उद्घाटन कार्यक्रम रांची से करने का हमारा प्रयास होगा। मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निस्तारण कर वादकारियों को लाभा पहुंचाना है, ताकि वादकारियों का धन व समय का बचत हो। उन्होंने व्यवहार न्यायालय, रांची में लगाये गये जेएसएलपीएस के दीदीयों का स्वयं सहायता समूह के द्वारा लगाये गये सभी स्टॉल का मुआयना भी किया। साथ-ही-साथ आठवीं कक्षा के बालिका-बालिकाओं के बीच साईकल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोक अदालत में लाभुकों के बीच माननीय न्यायामूर्ति ने चेक का वितरण भी किये उन्होंने 05 वाहन



दुर्घटना पीड़ित परिवार के बीच 1,59,74,008 रुपए के चेक का वितरण अपने हाथों से किये साथ ही अजीविका स्वयं सहायता समूह के बीच 296,01,00000 रुपए के परिसंपत्ति का वितरण किये। माननीय न्यायामूर्ति एवं अन्य अतिथियों के द्वारा भी राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया। न्यायामूर्ति ने बनाये गये सभी बेंचों का अवलोकन भी किया।

यह भी ज्ञात हो कि माननीय झालसा द्वारा चलाये जा रहे 90 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को माननीय न्यायामूर्ति श्री सुजित नारायण प्रसाद के हाथों से सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार देकर सम्मनित किया गया।

सदस्य सचिव, कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि माननीय न्यायामूर्ति श्री सुजित नारायण प्रसाद के मार्गदर्शन में झालसा ने कई मुकाम हासिल किये है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन व्यवहार न्यायालय रांची से किया जा रहा है। यह गौरव की बात हैं। न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि वादों के निस्तारण का सुलभ माध्यम है, लोक अदालत।

आगे उन्होंने कहा कि माननीय न्यायामूर्ति सुजित नारायण के निर्देश पर पिछले वर्ष लंबित वादों के निस्तारण में हमलोग अव्वल रहे, यह गौरव की बात है।

रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव, संजय विद्रोही ने अपने संबोधन में महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। उन्होंने महिलाओं को हमेशा सम्मान देने की बातें कही। उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने कहा कि लोक अदालत एक मंच हैं, जहां गरीबों और असहाय लोगों के वादों का निस्तारण निःशुल्क होता है। आगे उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जा रहे मईया सम्मान योजना के बारे में विस्तार से बताया। यह भी ज्ञात हो कि महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला न्यायिक पदाधिकारी एवं महिला कर्मचारी ने भी अपने-अपने मंतव्य रखें और महिला सशक्तीकरण पर जोर दिये। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों के लिए 37 बेंच एवं कार्यपालक दण्डाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया था।

## एनटीपीसी डीजीएम हत्याकांड पर बाबूलाल मरांडी का हमला

# कहा, हेमंत सरकार ने अपराधियों के हौसले बढ़ाए

संवाददाता

**रांची,।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने हजारीबाग में एनटीपीसी कोयला परियोजना के डीजीएम की गोली मारकर हत्या की घटना को स्तब्ध करने वाला बताया।

शनिवार को अपने बयान में मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भड़काऊ बयानों के चलते कोयला कारोबार प्रभावित हो रहा है और अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सात मार्च को रांची में एक



कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमला हुआ।मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपराधियों को उकसाकर कोयला कारोबार में खूनी संघर्ष की स्थिति पैदा कर दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि कोयले के काले कारोबार में न जाने कितने निर्दोष लोगों की जान जाएगी।उन्होंने दावा किया कि झारखंड के धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और चतरा में प्रतिदिन हजारों ट्रक कोयले की चोरी सरकारी तंत्र के संरक्षण में हो रही है। इस अवैध कारोबार से वसूली का पैसा नीचे से ऊपर तक बंटता है। यदि इस चोरी पर रोक नहीं लगी, तो हत्याएं और अपराध इसी तरह जारी रहेंगे।मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कोयला चोरी पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर कार्रवाई के लिए एसआईटी बनाना अच्छी पहल है, लेकिन इसे ईमानदार अधिकारियों के नेतृत्व में संचालित किया जाना चाहिए। जब तक रक्षक ही भक्षक बने रहेंगे, तब तक कोयला चोरी और उससे जुड़े अपराधों पर लगाम लगाना संभव नहीं होगा। उन्होंने राज्य के डीजीपी से भी आग्रह किया कि कोयला कारोबार के सुरक्षित संचालन के लिए सभी परियोजना अधिकारियों, कर्मचारियों और व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## मंईयां सम्मान योजना में फर्जीवाड़ा करनेवाले पर एफआईआर

संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन एवं फजीर्वाड़ा करनेवालों पर कार्रवाई जारी है। रांची जिला में सत्यापन के दौरान एक ही बैंक खाते में 112 लाभुकों की सम्मान राशि का भुगतान किये जाने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया गया है।

**प्रज्ञा केन्द्र संचालक के साथ मिलकर किया फर्जीवाड़ा**

तमाड़ प्रखंड के पंडराजी गांव के कार्तिक पातर ने प्रज्ञा केन्द्र संचालक के साथ मिलकर 112 आवेदकों के बैंक खाता को बदलकर सभी में एक ही बैंक खाता नंबर इनपुट कर दिया। प्रज्ञा केन्द्र संचालक कार्तिक पातर का भाई है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने अपील की है कि जो अपात्र व्यक्ति मंईयां सम्मान योजना का लाभ ले रहे हैं वो आवेदन देकर अपना नाम हटवा लें, अन्यथा नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि योजना में फजीर्वाड़ा करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## आरपीएफ ने बीयर के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार



संवाददाता

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से बीयर बरामद किया है। उपनिरीक्षक सुरज पांडे ने शनिवार को बताया कि रांची मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लगातार ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ की ओर से स्टेशनों पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में आरपीएफ ने रांची स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान एक व्यक्ति को काले रंग के बैग के साथ खड़ा देखा गया। संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी बैग की तलाशी ली गई। उसकी बैग से कुल 24 किंगफिशर बीयर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अशिष रंजन बताया। वह बिहार के पटना का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने यह शराब रांची से खरीदी थी और ट्रेन संख्या 18624 बिहार जा रहा था इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को जब्त बीयर और गिरफ्तार व्यक्ति को सौंप दिया गया।

रांची | रांची जिला में पहली बार टॉक-टू-डीसी कार्यक्रम का आयोजन

# पंचायत के लोगों ने उपायुक्त को बताई समस्याएं

वरीय संवाददाता

**रांची।** जिला में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने पंचायत भवन से ही जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री को अपनी समस्याएं बता रहे थे, मौका था टॉक-टू-डीसी कार्यक्रम का। जिसमें समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार से जिलास्तरीय पदाधिकारी थी जुडे थे।

**हर प्रखण्ड के पंचायत के ग्रामीणों ने बतायी अपनी समस्याएं**

कार्यक्रम के दौरान जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित पदाधिकारी से अपडेट लेते हुए समस्या के समाधान के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिन ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं बतायी गयी उनका संपर्क नंबर भी जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा लिया गया ताकि आवश्यक कार्यवाही के संबंध में उन्हें जानकारी दी जा सके।

**पेंशन, राशन, पानी एवं बिजली की समस्या**

टॉक टू डीसी कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री को पेंशन, राशन, पानी एवं बिजली की समस्या से अवगत कराया।



सुदूर लापुंग प्रखण्ड के दानेकेरा पंचायत के महेन्द्र महतो ने बताया कि उन्हें दो महीने से पेंशन नहीं मिल रहा है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को जांच करते हुए पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बुढ़मू प्रखण्ड के सारले पंचायत से आशीष बेसरा द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जलापूर्ति के लिए लगाया गये पाइप के टूटने की समस्या बतायी गयी, इस संबंध में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अभियंता को यथाशीघ्र जलापूर्ति में सुधार का निर्देश दिया गया।

तमाड़ के ओझासाड़म पंचायत की मायावती कुमारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत लगे नल से एक महिला द्वारा पानी नहीं लेने दिया जाता, महिला द्वारा पास के स्कूल भवन में भी कब्जा किया गया है। इस संबंध में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मामले की पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को स्कूल भवन में कब्जे की भी जांच के निर्देश दिये गये। कार्यक्रम के दौरान कई पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा अबुआ आवास स्वीकृति में विलंब की जानकारी दी गयी। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने उनका सीरियल नंबर पूछा और बीडीओ सहित जिला स्तर से पोर्टल पर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चयनित लाभुकों को यथाशीघ्र योजना का लाभ सुनिश्चित करायें। बुढ़ूम प्रखण्ड के चकमे की बिंदिया देवी ने बताया शादी के बाद वो अब ससुराल के राशन कार्ड में अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं, इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन भी किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बोकारो के वरीय अधिवक्ता विश्वनाथ प्रसाद सिंह का आकस्मिक निधन



**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 12 निवासी 68 वर्षीय अधिवक्ता , इनरोलमेंट 7507/99 का विगत निधन हो गया। उनका दाह संस्कार गरगा श्मशान घाट पर कर दिया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा बोकारो सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ता विश्वनाथ प्रसाद सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि स्व० विश्वनाथ प्रसाद सिंह के सम्मान में सभी अधिवक्ताओं ने अपने आप को न्यायायिक कार्य से अलग रखा। श्री गिरि ने कहा कि स्व० सिंह काफी दिनों से असाध्य बीमारी से पीड़ित थे। वे बोकारो कोर्ट में वर्ष 1999 से वकालत कर रहे थे। वे अपने पीछे एक पुत्र, दो पुत्री समेत पत्नी छोड़ गए है। उनके सम्मान में आयोजित शोक सभा में अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, संजय कुमार प्रसाद, अतुल कुमार, अशोक कुमार महथा, नरेश महतो, शंकर दे, धुर्वेश्वर मंडल, राणा प्रताप शर्मा, संजीत महतो, विष्णु चरण महाराज, नीतीश नंदी, राजेश कुमार,अंकित ओझा, प्रेरणा पांडेय, जितेंद्र कुमार, अंजनी चौधरी, विजय कुमार, ओम प्रकाश लाल, चंदन कुमार, कृष्ण देव प्रसाद, विकास कुमार, राज श्री, दीपिका सिंह, संजीत कुमार सिंह, सुमन वर्मा, विकास प्रजापति, मो हसनैन आलम, वंशिका सहाय, दीप्ति सिंह, रीना कुमारी, अरूप चक्रवर्ती, इंद्रनील चैटर्जी, सुभाष चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

### बसंत मेले में आकर्षण का केंद्र बना मिथिला महिला समिति का स्टॉल



**बोकारो।** बसंत मेले में हर साल की भांति इस बार भी मिथिला महिला समिति का स्टॉल आकर्षण का केन्द्र बना है। बोकारो में मैथिलों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की महिला इकाई मिथिला महिला समिति की पदाधिकारियों व सदस्याओं ने सामूहिक सहयोग से यह स्टॉल लगाया है। शनिवार को मेला के उद्घाटन के बाद से ही समिति के स्टॉल पर आगंतुकों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। स्टॉल में मिथिला पेंटिंग सहित हस्तनिर्मित अन्य कलाकृतियां, विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन, घरेलू उपयोग के पारंपरिक खाद्य पदार्थ आदि की सहज उपलब्धता इस स्टॉल को खास बना रही है। समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा के नेतृत्व में लगाए गए इस स्टॉल का जायजा मिथिला सांस्कृतिक परिषद के शीर्ष पदाधिकारियों ने लिया तथा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए समिति की सभी महिलाओं को इसके लिए बधाई दी। मौके पर परिषद के अध्यक्ष जेपी चौधरी, महासचिव नीरज चौधरी, निदेशक मंडल सदस्य केसी झा, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक विवेकानंद झा, संयुक्त सचिव अविनाश झा अवि एवं सुनील चौधरी आदि मौजूद रहे।

### केबी कॉलेज में महिला दिवस मनाया गया

**बोकारो।** जिले के बेरमो स्थित केबी कॉलेज में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है, जीवनदायिनी हैं। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि तिथि 9 मार्च से बढ़ाकर 16 मार्च 2025 तक कर दी गई है। 18 से 25 वर्ष के युवा अब 16 मार्च तक रजिस्ट्रेशन एवं एक मिनट का वीडियो, विकसित भारत का अर्थ क्या है, अपलोड कर सकते हैं। यहां डॉ. मधुरा केरकेट्टा, डॉ. नीला पूर्णिमा तिर्की, आबिद, डॉ. प्रभाकर कुमार, रवींद्र कुमार दास ने संबोधित किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कई प्रतियोगिता में भाग लिया। जिनमें नृत्य, डांस, भाषण, पोस्टर, स्लोगन, कविता पाठ आदि रहे।

# सशक्त महिलाओं से ही देश सशक्त है : एसडीओ

## महिला हिंसा के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत : बबीता



संवाददाता

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड सभागार में किया गया। इस दौरान बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि महिला सशक्त होंगी, तो हमारा देश भी सशक्त होगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरी दो बेटियां हैं और इससे मुझे दुनिया का सबसे भाग्यशाली व्यक्ति होने का एहसास होता है। समाज में शिक्षित महिलाओं को आगे आना चाहिए और आईपीएस, आईएएस, एसडीओ, सीओ जैसी उच्च प्रशासनिक भूमिकाओं में अपनी जगह बनानी होगी।

जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि हर महिला अनमोल है और उसे अपने जीवन का सम्मान करना चाहिए। समाज में महिलाओं को सशक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए। कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने महिलाओं को साइबर क्राइम के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि महिलाएं लहरों की तरह होती हैं, यदि वे अपनी शक्ति और सामर्थ्य को पहचान लें, तो उन्हें कोई रोक नहीं सकता। कार्यक्रम में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि सभी महिला को अपने अधिकारों और अपनी कीमत को समझना चाहिए। जब महिलाएं स्वयं के विकास और सशक्तिकरण के लिए जागरूक होंगी, तब समाज को और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सहयोगिनी के द्वारा कसमार प्रखंड के सात पंचायत के 30 गांव में किशोरी क्लब तथा महिला समूह बनाकर के नेतृत्व विकास का कार्य लगातार किया जा रहा है। महिलाएं तथा किशोरियां सशक्त हो रही हैं और बदलाव भी देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य , नाटक, भाषण आदि का आयोजन किया गया जिसमें अंजली कुमारी, सरोजनी, पायल कुमारी, दिलखुश तथा किशोरी क्लब ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार, मुखिया परिपूषा कुमारी, गीता देवी, चंद्रलेखा मसीह,दिलीप महतो, विनीता देवी, मंजू देवी, नीतू कुमारी ,अनिल हेंब्रम, सूरजमानी देवी, रेखा देवी ,संगीता देवी, प्रकाश कुमार महतो ,गौतम सागर, सनी कुमार, रवि कुमार राय, अमरजीत कुमार ,कुमारी किरण, मंजू देवी, संगीता देवी आदि उपस्थित थीं।

## जेसीएमयू ने होली मिलन समारोह आयोजित कर एक दूसरे को लगाया गुलाल



संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** महिला मंडप करगली में शनिवार को जेसीएमयू बीएंडके एरिया के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएंडके अध्यक्ष पंकज महतो व संचालन क्षेत्रिय सचिव किशोर कुमार ने किया। सर्वप्रथम यहां लोगों ने मुख्य अतिथि केंद्रीय जोनल सचिव जयनारायण महतो सहित अतिथियों का माला पहनाकर व गुलाल-अबीर लगाकर स्वागत किया। यहां केंद्रीय जोनल सचिव श्री महतो ने कहा कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हमें सभी लोगो के साथ मिलकर रहना चाहिए। इस दौरान यूनियन में आस्था रखते हुए कारो से नरेश कुमार, ढोरी से जंगोदर कुमार व खासमहल से सुबोध कुमार ने सदस्यता ग्रहण की। इसके पश्चात सभी ने अबीर, गुलाल समेत फूलों की होली खेली। इस दौरान गीत संगीत का दौर चला। होली के गीतों की प्रस्तुति के दौरान कार्यक्रम में सबों के पांव थिरके।

## होली शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक



संवाददाता

बेरमो/ बोकारो। बेरमो थाना में शनिवार को होली शांतिपूर्वक संपन्न करने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह ने की। बैठक में अंचल अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि होली भाईचारा का त्योहार है, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसे शांतिपूर्वक मनाना चाहिए, किसी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं दें और ऐसा व्यवहार ना करें कि दूसरे की भावना को ठेस लगे। बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने कहा कि आपस में शांति एवं सौहाद्र के साथ होली मनाएं। साथ ही होली के दिन जुम्मा का नमाज पढ़ने जाने वाले मुस्लिम भाइयों को कोई रंग न लगाएं। इसके बाद शाम को सभी समुदाय के इच्छुक लोग भाईचारे के साथ होली मनाएं। साथ ही पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी और शरारती तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। कहीं कोई बात हो तो प्रशासन को तुरंत सूचित करें।

महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी ने कहा कि होली मनाएं लेकिन महिलाओं को सम्मान दें। कुछ मुस्लिम सदस्यों ने भी कहा कि हमलोग भी होली खेलते हैं लेकिन जुम्मा के दिन नमाज के लिए जाने के दौरान कोई रंग न लगाएं। उपस्थित लोगों ने कहा कि बेरमो का इतिहास है कि सभी त्योहार आपसी भाई चारे के साथ मनाया जाता है। होली भी आपसी सौहाद्र के साथ मनाया जायेगा। लेकिन अपने-अपने क्षेत्र के हुड़दंगियों को समझा कर शांत करें। ताकि खुशी के साथ होली मने। इस मौके पर छेदी नोनिया, वैभव चौरसिया, उत्तम सिंह, आर उनेश, भाई प्रमोद सिंह, परवेज अख्तर, श्रीकांत मिश्रा, संतोष कुमार महतो, रमेश स्वर्णकार, सूरज मित्तल, सुशांत राइका, शरण सिंह राणा, अशोक अग्रवाल, कृष्ण कुमार, कैलाश ठाकुर, अनिल गुप्ता, महबूब आलम, विवेश सिंह, ललन रवानी, भरत वर्मा, जीतेंद्र सिंह, गुलशन मिश्रा, बैजनाथ महतो, मो. कलीम, रोहित मित्तल, मो. नसीम टुन्नु, मो. रईस, मो. रियाज, जसीम रजा, टुनटुन विश्वकर्मा, सहित थाना के अधिकारी डीके मोदी, मो. शाहीद अंसारी, कैलाश प्रसाद, लक्ष्मण चौधरी, सुशील कुमार दुबे, संजय कुमार, ननका उरांव, सचिन रोशन, संजय यादव, जोसेफ तुर्की, अनूप नारायण सिंह, अरुण कुमार दुबे, पवन कुमार सिंह के अलावे अनेकों लोग मौजूद थे। महिला दिवस पर संतोष कुमार महतो ने महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

## अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग उठाने पर जयराम महतो का अधिवक्ताओं ने आभार व्यक्त किया



संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा में माननीय विधायक जयराम महतो द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग उठाने के साहसिक प्रयास के लिए इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स समेत समस्त अधिवक्ता समुदाय, उन्हें बधाई दी है और आभार व्यक्त किया है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि राज्य भर में वकीलों पर हो रहे हमलों और उनकी हत्याओं की घटनाओं को देखते हुए, यह आवश्यक हो गया है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एक ठोस कानून बनाया जाय। विधायक श्री महतो द्वारा यह मुद्दा विधानसभा में उठाया जाना अधिवक्ता समुदाय की सुरक्षा और न्याय प्रणाली की मजबूती के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लागू किया जाय, जिससे वकीलों को सुरक्षित वातावरण में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का अवसर प्राप्त हो। अधिवक्ता समुदाय एकजुट होकर इस मांग का समर्थन करता है और सरकार से उचित कार्रवाई की अपेक्षा करता है। बधाई देने वालों में अधिवक्ता सोमनाथ शेखर, सुखेंदु शेखर सिंह, अतुल कुमार, रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, आनंद प्रकाश, अनिल मंडल, धनंजय कुमार सिंह, रमेश विश्वकर्मा, शंकर दे, पी के सिन्हा, संकेत तिवारी, विकाश कुमार, पंकज यादव, श्रीकांत शर्मा, सुनील सिसोदिया, हरेंद्र महतो, राकेश ओझा, सुबल कुमार तिवारी, राम पद गोराई, जब्बार अंसारी, दीपिका सिंह, संजीत कुमार सिंह, मो० हसनैन आलम, रीना कुमारी, दीप्ति सिंह, विजय कुमार, ओम प्रकाश लाल,अखिलेश कुमार, विष्णु चरण महाराज, इंद्रनील चटर्जी, राणा प्रताप समेत सैकड़ो अधिवक्ता शामिल हैं।

## महिलाओं के लिए अधिकार, समानता व सशक्तिकरण में लाना होगा तेजी : श्वेता



संवाददाता

**बोकारो।** प्रो बारी सहकारी गृह निर्माण समिति लि. तेतुलिया बोकारो की ओर से शनिवार को बारी को-ऑपरेटिव के अभिनंदन हाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारी बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि महिला सुरक्षा आज भी बड़ा मुद्दा है। महिलाओं को सशक्त करने की बात सिर्फ महिला दिवस पर ही नहीं वरन हर दिन होना चाहिए। कहा कि महिलाओं के लिए अधिकार, समानता व सशक्तिकरण में तेजी लाना होगा। मैं महिला दिवस के अवसर पर हर महिला को अपनी शुभकामनाएं देती हूं। मुख्य वक्ता सिविल कोर्ट चास की वरीय अधिवक्ता अनु मिश्रा ने कहा कि नारी के लिए मेरा कहना है तू शक्ति, तू भक्ति, तू संगिनी, तू सहचर, फिर क्यूं पूछती है किससे बेहतर है तू। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष जेएन सिंह ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी कार्य मे पुरुषों से कम नहीं हैं। पुरुषों के साथ महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। संचालन पीपी प्रसाद व धन्यवाद ज्ञापन सचिव एबी सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में माला हेमरोम, प्रमिला देवी, कमला देवी, पुनम सिंह, सुधा पांडेय, आरके सिंह, पुनम सिंह, रतन कुमार सिंह, बिमल कुमार सिन्हा, आरपी सिंह, कामेश्वर प्रसाद, डीएन सिंह, एसपी सिंह, डॉ० अश्विनी कुमार कुशवाह, गुरुनानक प्रसाद, जितेंद्र कुमार, डॉ० अशोक पांडेय, अशोक प्रसाद, नीतीश प्रसाद सहित अन्य सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।

## सीसीएल सीकेएस ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



संवाददाता

**बेरमो/बोकारो।** बीएमएस से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी एरिया ने शनिवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ढोरी क्षेत्र की अमला अधिकारी कार्मिक कुमारी माला,16 वीं लोकसभा सभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, पिछरी मुखिया कल्पना देवी, वार्ड परिषद लक्ष्मी देवी, डॉ० शैलया, डॉ० प्रेमा ज्योति रेड्डी, नीतू सिंह, अर्चना सिंह, रेखा प्रसाद सहित कई महिला सीसीएल कर्मी मौजूद रहे। अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने किया। उक्त मौके पर सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य सीसीएल रवीन्द्र कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत भामसं के संस्थापक दतोपंत ठेंगड़ी तथा मां भारती एवं भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुरूआत की गईं। साथ ही रवींद्र कुमार मिश्रा, संत सिंह, विनय कुमार सिंह एवं कुलदीप तथा सभी शाखा से आए हुए अध्यक्ष तथा सचिव ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र, पुष्प-गुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। अमला अधिकारी कुमारी माला ने कहा कि आज भामसं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से महिला दिवस मना रहा है। आज के दिन हमलोग अपने मातृ शक्ति का सम्मान कर समाज में मातृ शक्ति की आंतरिक अनुभूति को समाज के बीच भामसं के द्वारा अवगत कराया जाता है कि आज की महिला किस प्रकार देश विदेश एवं अपने घर में परचम लहरा रही हैं।

## श्री श्री राम चरित्र मानस पाठ महायज्ञ हवन व प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न

**बेरमो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली गेट स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में 67 वाँ नवाहन श्री श्री रामचरित मानस पाठ महायज्ञ हवन एवं प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन हो गया। यज्ञ श्री राम बिहारी शरण जी महाराज की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। इसमें मुख्य रूप से उज्जैन से आये श्री श्री लोकेशानन्द शास्त्री जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मूर्ति विसर्जन में शोभा यात्रा निकाली गयी जो करगली गेट क्षेत्र का भ्रमण करते हुए करगली फिल्टर प्लांट स्थित दामोदर नदी में प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया। इसके पूर्व शनिवार की सुबह मिथिलाकुंज अयोध्या से आये मानस मर्मज्ञ वैष्णव संतस्वामी पूज्य यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 श्री राम बिहारी शरण जी के उत्तराधिकारी महंत श्री रमाकांत शरण जी महाराज के नेतृत्व मे हवन कार्य संपन्न किया गया। जमुई मुंगेर बिहार से आये पूज्य श्री सदानंद मिश्रा तथा उनकी टीम के द्वारा रामचरित मानस पाठ संपन्न हुआ।

# देश की प्रगति में महिलाएं बराबर की भागीदार : डॉ.गंगवार

## वुमन डे पर डीपीएस बोकारो में महिला शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित



संवाददाता

**बोकारो।** 'नारी समाज और राष्ट्र की अहम धुरी हैं। हमारे देश में नारियों को देवी का दर्जा दिया गया है और जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवता भी वास करते हैं।

देश के स्वाधीनता संग्राम से लेकर आज विकसित भारत निर्माण की यात्रा तक में महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और वस्तुतः देश की प्रगति में महिलाएं बराबर की भागीदार हैं।' ये बातें डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ० ए. एस. गंगवार ने कहीं। शनिवार को विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं अन्य महिला कर्मियों को प्राचार्य की ओर से महिला दिवस का आकर्षक शुभकामना पत्र और गुलाब भेंटकर उनके प्रति अभिवादन व्यक्त किया गया। शिक्षिकाएं यह विशेष सम्मान पाकर काफी प्रसन्नचित्त दिखीं और औचक रूप से इस दिवस को खास बनाने के लिए उन्होंने भी प्राचार्य के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित की।

सभी ने प्राचार्य के साथ मिलकर केक भी काटे। विद्यालय के विकास में महिला शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि आज डीपीएस बोकारो को जो ख्याति राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पर मिली है, उसमें विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमारी महिला शिक्षिकाएं विद्यालय का अभिन्न अंग हैं। वे हमारे विद्यार्थियों को करुणा, सहानुभूति, अपनापन और मातृत्व भाव से युक्त एक विशेष लगाव के साथ न केवल पढ़ाती हैं, बल्कि उनके समग्र विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस वर्ष की थीम एक्सीलेरेट एक्शन यानी कार्रवाई में तेजी का उल्लेख करते हुए डॉ० गंगवार ने महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरुकता पैदा करने को लेकर कार्य की गति को तेज करने की जरूरत बताई। मौके पर विद्यालय के उपप्राचार्य अंजनी भूषण, उपप्राचार्या मनीषा शर्मा एवं शालिनी शर्मा, प्रधानाध्यापिका डॉ. सरिता गंगवार, प्रीति सिन्हा, अनिंदिता भद्रा, सुनीता भारद्वाज व ममता त्रिपाठी, सुपरवाइजर निमिषा रानी व फरजाना गजाला नीलू सहित अन्य महिला शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## शपथ-पत्र

मैं सनोज यादव (SANOJ YADAV), उम्र करीब - 43 वर्ष पिता-स्व० मोहर यादव, निवास स्थान-ग्राम पुरदागा, पोस्ट-उदयपुर, पंचायत-उदयपुर, थाना रामकडा, जिला गढ़वा, राज्य झारखण्ड, शपथपूर्वक निम्नलिखित बातों का एकरार करता हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम एवं पता का निवासी हूँ।
2. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित क्षेत्र में स्थायी रूप से रहते आ रहा हूँ।
3. यह कि इस शपथ पत्र में मेरा ही हस्ताक्षर है।
4. यह कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत उदयपुर, थाना-रमकण्डा, जिला-गढ़वा राज्य-झारखण्ड के पंजीकरण सं० Registration Number:- JHBC20100019100009 से बना हुआ है. जिसमें मेरा पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम - UJJAWAL YADAV, जन्मतिथि-02.12.2010, पुत्र के माता का नाम SIMA DEVI एवं पिता का नाम यानी मेरा नाम-SANOJ YADAV दर्ज है।
5. यह कि शैक्षणिक दस्तावजे (Class-VIII) के प्रवेश पत्र (Admit Card) का कोड सं0-310069, रौल नं0-310069-0039 में मेरे पुत्र का नाम UJJAWAL YADAV, जन्मतिथि-02.12.2010, पुत्र के माता का नाम- रक्टअ ऊ्श्कएवं पिता का नाम यानी मेरा नाम-SANOJ YADAV दर्ज है।
6. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0- 2579 5492 9185 में मेरा पुत्र का नाम अरूण कुमार (ARUN KUMAR), जन्मतिथि-02.12.2010 एवं पुत्र का पिता यानी मेरा नाम सनोज यादव (SANOJ YADAV) दर्ज है।
7. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम उज्जवल यादव (UJJAWAL YADAV) है तथा मेरा पुत्र का घरेलू नाम अरूण कुमार (ARUN KUMAR) है।
8. यह कि उज्जवल यादव (UJJAWAL YADAV) तथा अरूण कुमार (ARUN KUMAR) दोनो नाम एक ही लड़का का है जो मेरा पुत्र है।
9. यह कि यह शपथ-पत्र में अपने पुत्र के आधार कार्ड में ARUN KUMAR के स्थान पर पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेज के अनुसार पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम- UJJAWAL YADAV दर्ज (सुधार) करवाने एवं सामाचार पत्र के माध्यम खबर छपवाने हेतु तथा उपरोक्त वर्णित सभी कण्डिका को प्रमाणित करने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।
10. यह कि इस प्रमाण पत्र निर्गत होने के बाद भविष्य में कोई वैद्यानिक समस्या उत्पन्न नहीं होगा, अगर होगा तो सारी जिम्मेवारी मेरा होगा।

**Book no. 59/ serial no 5257. Date : 01-03-2025**

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद ने मानवता की मिसाल पेश की, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया



**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जनप्रतिनिधि का कर्तव्य केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि समाज की सेवा करना भी है। सिमरिया प्रखंड मुख्यालय के पास जब उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को तड़पते हुए देखा, तो बिना देरी किए उन्होंने अपनी गाड़ी रोक दी और तुरंत उसकी सहायता के लिए आगे आए। सांसद ने पहले एंबुलेंस बुलाने की व्यवस्था की, लेकिन घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने खुद उसे अपनी गाड़ी में बैठाया और प्राथमिक इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भिजवाया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति का इलाज शुरू कर दिया, जिससे उसकी जान बच सकी।इस घटना के बाद सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। हम सबका यह नैतिक दायित्व है कि किसी भी संकटग्रस्त व्यक्ति की मदद करें। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि सड़क दुर्घटनाओं को नजरअंदाज न करें और घायल व्यक्तियों को जल्द से जल्द चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश करें।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**चतरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि उन्हें संविधान द्वारा समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा, मताधिकार, कानूनी कारोबार में भागीदारी, सार्वजनिक पद धारण करने और यौन शोषण से मुक्ति जैसे कई अधिकार मिले हैं। इसके अलावा, महिलाओं को पारिवारिक कानूनों में भी बराबरी का हक प्राप्त है।

### बलियापुर में शिशु विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन, बच्चों ने लिया मां का आशीर्वाद



**बलियापुर।** बलियापुर के शिशु विद्या मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहां माताओं और बच्चों के बीच एक आत्मीय और भावनात्मक जुड़ाव देखने को मिला। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भाजपा नेत्री तारा देवी, प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी, मिठू नंदन और विद्यालय के संयोजक रामानुज प्रसाद सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरे माहौल में उल्लास और आनंद की भावना फैल गई। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि बच्चों ने अपनी माताओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। यह एक भावनात्मक क्षण था, जहां बच्चों ने अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया।विद्यालय की ओर से भी माताओं को सम्मानित किया गया।

### सच्चे प्रेम से ही परमात्मा की प्राप्ति संभव : गोविंदजी शास्त्री



**बोकारो।** 'धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे। वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है और परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। जो व्यक्ति धर्म में लगे रहते हैं, उनके धर्म की रक्षा के लिए भगवान का अवतार होता है। भगवान को सभी प्रिय हैं, परंतु जो भगवान से प्रेम करते हैं, भगवान उनसे विशेष रूप से प्रेम करते हैं।' ये बातें वृंदावन से पहुंचे श्रीमद्भागवत कथा प्रवाचक श्री गोविंद कृष्णजी शास्त्री ने कहीं। मैथिली कला मंच कालीपूजा ट्रस्ट की ओर से सेक्टर- 2 डी स्थित श्यामा माई मन्दिर में आयोजित होली महोत्सव सह श्रीमद्भागवत कथा रस वृष्टि के पांचवे दिन शनिवार को उपस्थित श्रद्धालुओं को वह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। गीत-संगीत और भजन कीर्तन के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तिरस की सरिता में गोते लगाते रहे।

## जागो फाउंडेशन व नाबार्ड के सहयोग से गिरिडीह में महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता



**गिरिडीह।** जागो फाउंडेशन गिरिडीह और नाबार्ड के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को मीर रेजीडेंसी होटल, गिरिडीह में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत, शॉल एवं बुके भेंट करने तथा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर मनरेगा लोकपाल तम्मना प्रवीन, जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा, जिला परिषद प्रतिनिधि विजय वर्मा, केंदुआ की मुखिया आशा देवी, सी डब्ल्यू सी की पूजा सिन्हा, पूर्व जिला परिषद सदस्य किरण वर्मा, पी एल वी हीरा देवी, नाबार्ड के प्रतिनिधि आशुतोष कुमार, जागो फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ सहित संस्था के विभिन्न कार्यक्षेत्रों कोडरमा, जमुआ, तीसरी एवं सीसीएल क्षेत्र से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, किशोरियां और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कुल 75 लोगों की भागीदारी रही। जागो फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं, लेकिन ग्रामीण समाज में अभी भी सोच में बदलाव की आवश्यकता है ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। लोकपाल तम्मना प्रवीन ने महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

नाबार्ड के डीडीएम ने महिला सशक्तिकरण के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नाबार्ड ने 1982 में एसएचजी की स्थापना की थी, जिसके आज 17 करोड़ सदस्य हैं। उन्होंने गिरिडीह में नाबार्ड के सहयोग से चल रही विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जैसे दीदी किचन, ग्राम दुकान, जूट बैग निर्माण, लाह उत्पादन और मधुबनी पेंटिंग आदि के बारे में जानकारी दी। सी डब्ल्यू सी की पूजा सिन्हा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के अंत में महिला उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को नाबार्ड और जागो फाउंडेशन की ओर से स्मृति चिह्न एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीलम देवी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सरोजित कुमार ने प्रस्तुत किया।

## सांसद कालीचरण सिंह ने दिव्यांगजनों के बीच ट्राईसाइकिल वितरित किया



संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने दिव्यांगजनों के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भाव को प्रदर्शित करते हुए जरूरतमंद दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल वितरित की। यह वितरण कार्यक्रम उनके आवास पर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे थे। सांसद कालीचरण सिंह ने खुद अपने हाथों से ट्राईसाइकिल की चाबी सौंपते हुए कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि जब तक जनता का आशीर्वाद रहेगा, वे गरीबों, किसानों, मजदूरों और दिव्यांगजनों की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और आने वाले समय में भी वे जरूरतमंदों की सहायता करते रहेंगे।।ट्राईसाइकिल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। किसी ने हाथ जोड़कर सांसद को आशीर्वाद दिया, तो किसी की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। इस अवसर पर चतरा जिला सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, प्रदीप सिंह, नरेंद्र पाठक सहित अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पतंजलि योग महिला समिति ने किया महिलाओं का सम्मान

संवाददाता



**चतरा।** जलछाजन स्थित पतंजलि योग महिला समिति ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर पतंजलि महिला प्रभारी रीना दुबे ने महिलाओं को सम्मानित किया और 12 मार्च को आयोजित होली समारोह के लिए आमंत्रण दिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुखिया कुमार विवेक सिंह ने महिलाओं की भूमिका और उनके कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि इस संसार में मां और बहनें न होतीं, तो मानवता का विकास संभव नहीं होता। उन्होंने योग और आयुर्वेद को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि हमें अंग्रेजी दवाओं से दूर रहकर प्राकृतिक चिकित्सा की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी को नियमित योग करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की सलाह दी, ताकि बीमारियों से बचा जा सके और अनावश्यक चिकित्सा खर्च से राहत मिले। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीआरडीए की निदेशक अलका कुमारी ने महिलाओं के जीवन में कार्यभार की अधिकता पर चर्चा की। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वे पलामू के चैनपुर में थीं, तब उन्हें शुगर की समस्या हो गई थी। वहां के योग समिति से जुड़कर उन्होंने नियमित योगाभ्यास शुरू किया, जिससे वे पूरी तरह स्वस्थ हो गईं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और इसे दूसरों तक भी पहुंचाएं, ताकि बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सभी स्वस्थ रह सकें। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही, जिनमें विवेक सिंह, विकास कुमार केशरी, संजीत मिश्रा, शिव कुमार तिवारी, सूरज कुमार, जुगल कुमार, देवानंद कुमार, पीयूष कुमार, वर्षा कुमारी, श्रेया कुमारी, पलक कुमारी, आकृति कुमारी, मान्या कुमारी आदि शामिल थे।

## रविवार को भी खुला रहेगा जन सुविधा केंद्र, नागरिक कर सकेंगे बकाया होल्डिंग टैक्स जमा

संवाददाता



**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक श्री शंभू प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि नगर क्षेत्र में रहने वाले सभी गृहस्वामियों के लिए एक विशेष अवसर प्रदान किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को और सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए रविवार को भी जन सुविधा केंद्र खुला रहेगा।वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है ताकि अधिक से अधिक नागरिक अपने बकाया कर का भुगतान कर सकें। अक्सर कई लोग अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण निर्धारित दिनों में कर जमा नहीं कर पाते, इसलिए उनके लिए रविवार को भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। करदाताओं को यह सलाह दी गई है कि वे मार्च 2025 के समाप्त होने से पहले अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान कर दें, जिससे वे अत्यधिक ब्याज और जुमार्ने से बच सकें। नगर पंचायत के प्रशासक ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने होल्डिंग टैक्स, जलकर और नगर पालिका व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क का समय पर भुगतान करें और एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। कर समय पर जमा करने से शहर के विकास कार्यों में तेजी आएगी और नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा। इस योजना के तहत नगर वासियों के लिए एक और राहत की घोषणा की गई है। महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को विशेष रूप से 5% की छूट दी जाएगी। यह छूट उन्हें अपने आवासीय भवनों के होल्डिंग टैक्स जमा करने के दौरान प्राप्त होगी।

### बलियापुर अंचल कार्यालय में समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**बलियापुर।** बलियापुर अंचल कार्यालय में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने की, जिसमें जिला खनन टास्क फोर्स के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गोल्डन पहाड़ी, गोकुल पथ और सुरंगा क्षेत्र में हो रहे अवैध डंपिंग के कारण वहां रह रहे निवासियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है और यह किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए बीसीसीएल प्रबंधन को निर्देश दिया गया कि वह चार दिनों के भीतर प्रभावित परिवारों की सूची तैयार कर अंचल अधिकारी को सौंपे। बीसीसीएल प्रबंधन ने बताया कि पहाड़ीगोड़ा इलाके में अवैध उत्खनन की जानकारी मिली है।

## बोकारो का कुंभ है बसंत मेला : निदेशक प्रभारी



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र की मेजबानी में हरसाल आयोजित होनेवाला इस्पातनगरी का अपना महोत्सव बसंत मेला शनिवार को अपने चिर-परिचित अंदाज में पूरे उत्साह के साथ शुरू हुआ। नगर के सेक्टर-5 स्थित पुस्तकालय मैदान में आयोजित इस मेले का शुभारंभ बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने अपने शीर्ष सहकर्मियों के साथ संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर, ध्वजा फहराकर तथा फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने बारी-बारी से सभी स्टॉलों का अवलोकन किया तथा शहरवासियों को इस आयोजन की बधाई देते हुए इस अवसर का आनंद उठाने की अपील की। अपने संबोधन में डीआई श्री तिवारी ने कहा कि बसंत मेला बोकारो इस्पात नगर का कुंभ है। उन्होंने मेले को बोकारो की कला और संस्कृति का ध्वजवाहक बताते हुए खुशी जताई तथा और आयोजन समिति के लोगों को मेले के सफल आयोजन के लिए साधुवाद दिया। मेले में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली एवं अन्य जानकारी से लोगों को अवगत कराने के लिए कई स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें प्लांट के प्रमुख शॉप्स, बोकारो जेनरल अस्पताल, उद्यान, क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं, अग्निशमन सेवाएं, सीएसआर, जन संपर्क जैसे विभागों की ओर से भी स्टॉल शामिल हैं।

## आरएनएन कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले महिला दिवस का आयोजन



संवाददाता

**हंटरगंज।** हंटरगंज स्थित राम नारायण मेमोरियल कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस पीओ डॉ० फहीम अहमद ने किया, जबकि कॉलेज के प्राचार्य प्रो० जैनेंद्र कुमार सिंह भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस की स्वयंसेविका शौर्या कुमारी ने कहा कि महिलाएं अब अबला नहीं, बल्कि सबला हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत साबित कर रही हैं, फिर भी समाज में उन्हें बराबरी का दर्जा पाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार महिलाओं के शोषण में महिलाएं ही प्रमुख भूमिका निभाती हैं, इसलिए महिलाओं को खुद अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए आगे आना होगा।।कार्यक्रम के दौरान मनमीत कौर ने महिला दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। सभा को कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जैनेंद्र कुमार सिंह, सुहाना प्रवीण, कुसुम कली, प्रिय कुमारी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में ऋतु राज, अमित कुमार, मनीष यादव, मो. हसन, अलका कुमारी, अनु कुमारी, कुम कुम, जितनी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सिंदरी में केटीएमपीएल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन



संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल्याणेश्वरी तसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा उड़ान, कौशल और उद्यमिता विकास केंद्र की 80 महिला प्रशिक्षुओं के साथ एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन महिलाओं को शामिल किया गया, जो मध्यम और गरीब वर्ग से हैं और अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने के लिए इस प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का प्रशिक्षण ले रही हैं। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए कई मनोरंजक और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें मोमबत्ती जलाना, टोकरी में गेंद फेंकना, हांडी फोड़, संगीत के साथ गेंद पास करना, प्रश्नोत्तरी और अन्य खेल प्रतियोगिताएं प्रमुख थीं। इन प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक वर्षा मंडल और निकी कुमारी ने महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सिंदरी केंद्रीय खेल संघ से जुड़ी राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी कृति तिवारी, रोहराबंद स्कूल की शिक्षिका बसंती देवी, सिंदरी वार्ड क्रमांक 53 की सदस्य चंपा देवी और वार्ड क्रमांक 54 की सदस्य सुमित्रा देवी बतौर सम्मानित अतिथि उपस्थित रहीं।

**कोडरमा** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शपथ ग्रहण

## बच्चियों को कंबल और बेबी किट का वितरण

संवाददाता



**कोडरमा।** जिला समाज कल्याण विभाग कोडरमा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए रंगोली प्रतियोगिता और पौधारोपण जैसे रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिले में आज जन्म लेने वाली बच्चियों को कंबल वितरित किए गए ताकि उनका स्वागत विशेष तरीके से किया जा सके। इसके अलावा, कुपोषण केंद्र में भर्ती बच्चों को कंबल, बेबी किट और हॉर्लिक्स प्रदान किए गए ताकि उनके पोषण और देखभाल में सहायता मिल सके।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने एक महत्वपूर्ण शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस शपथ के तहत सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने पोषण क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण और समान अवसरों को प्रदान करने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने यह भी प्रतिज्ञा ली कि वे महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद करेंगे।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के रूप में, सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹ अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस अभियान के तहत वे कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, स्कूल ड्रॉपआउट, महिलाओं के प्रति हिंसा, तस्करी और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड राज्य की सभी बेटियों को मजबूत, समर्थ और आत्मनिर्भर बनाना है। यह सुनिश्चित किया गया कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और समाज में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाया जाय। महिला दिवस के इस अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों ने समाज में महिलाओं की स्थिति को सुदृढ़ करने का संदेश दिया और इस बात पर बल दिया कि समाज के हर व्यक्ति को महिलाओं के समान अधिकारों और सम्मान के लिए कार्य करना चाहिए।

## सफल इंडिया संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी के कांड्रा परिसर में सफल इंडिया सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें म्यूजिकल चेयर, लूडो और बैलून प्रतियोगिता शामिल थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी, जन अधिकार मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार और उनकी धर्मपत्नी रीना सिंह, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री सोनू गिरी मौजूद रहे। इन सभी अतिथियों ने प्रतियोगिता की विजेता महिलाओं को सम्मानित किया और उनके साहस व योगदान की सराहना की। इस अवसर पर सोनू गिरी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार लगातार प्रयास कर रही है और यह दिन उन महिलाओं के त्याग, योगदान और साहस को समर्पित है, जिन्होंने समाज में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और उनकी उपलब्धियों को उचित सम्मान देने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सफल इंडिया के सचिव राजू मंडल, सह सचिव बबली सिंह, अध्यक्ष अंजना कुमारी, प्रदीप कुमार महतो, अर्जुन कुमार, राज पंडित, राजीव कुमार, सूरज, संजीत, राहुल, विशाल, किरण देवी, आयुष, खुशी, रेशमा, शिखा, प्रिया, धनंजय मलिक, धनंजय बाउरी, धृति आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, रविवार 09 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**उर्दू लिखने के लिये देवनागरी अपनाने से उर्दू उत्कर्ष को प्राप्त होगी। - खुशवन्त सिंह**

## अमेरिकी आर्थिक संकट का भारतीय एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

अमेरिकी अर्थव्यवस्था उपभोक्ताओं और सेन्य कारोबार पर निर्भर रही है। हाल के वर्षों में यह संतुलन बिगड़ता हुआ दिख रहा है। बढ़ती महंगाई, रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा क्रेडिट कार्ड कर्ज, उच्च ब्याज दरें, अमेरिकी उपभोक्ताओं के क्रय शक्ति को प्रभावित कर रही हैं। इसका सीधा असर खुदरा बिक्री और प्रमुख कंपनियों के राजस्व पर पड़ रहा है। जिससे अमेरिका में आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका की आर्थिक स्थिति बिगड़ने का प्रभाव केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। भारत, चीन और यूरोप जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भी इससे अछूती नहीं रहेंगी। वैश्विक वित्तीय बाजारों में तेजी के साथ वित्तीय अनिश्चितता बढ़ेगी। निवेशकों का रुझान डॉलर की ओर जाएगा। इससे भारतीय रुपये की कमजोरी और भी बढ़ना तय है। इस कारण भारत में महंगाई अधिक बढ़ने की संभावनाएं हैं। भारत में कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य आयातित वस्तुओं की कीमतें 10 से 15 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। जिससे आम नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतें महंगी हो जाएंगी। अमेरिकी मंदी का असर भारतीय निर्यात कारोबार पर भी पड़ना तय है।

भारत के आईटी सैक्टर, दवा उद्योग, कपड़ा और आभूषण क्षेत्र अमेरिकी बाजारों पर निर्भर है। यदि वहां मांग कम होती है, तो इन क्षेत्रों में उत्पादन और रोजगार पर संकट भारत में भी गहरा सकता है। इसी तरह, विदेशी निवेश में भी कमी आना तय है। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक लगातार अपना निवेश निकाल रहे हैं। जिसके कारण भारत में शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। यह स्थिति टैरिफ वार के पहले की है। जब टेरिफ वार शुरू होगा, तो उसके बाद क्या स्थिति होगी। इसका आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। भारतीय स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों को आने वाले समय में फंडिंग मिलना मुश्किल हो सकता है। अमेरिका का यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी बन सकता है। भारत सरकार घरेलू उद्योग और बाजार को मजबूत करने के सुनियोजित प्रयास युद्ध स्तर पर किए जाएं, तो भारत के लिए सुनहरा अवसर भी हो सकता है। भारत की आबादी उसके लिए बड़ी पूंजी बन सकती है। चीन की तर्ज पर भारत के बाजार को वैश्विक मांग के अनुसार विकसित किया जा सकता है। सरकार को निर्यात मे विविधता देने के लिये घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और रुपये को वैश्विक बाजार में स्थिर बनाये रखने के लिए नई रणनीति बनानी होगी।

अमेरिका की आसन्न मंदी का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इसकी गंभीरता इस पर निर्भर करेगी, विभिन्न देश कितनी कुशलता से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को संतुलित कर पाते हैं। भारत को इस संकट के प्रति सतर्क रहकर दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत सरकार को इस तरह से अपनी नीतियां बनानी होंगी, जिससे भारत में स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़े, निर्यात व्यापार के लिए छोटे उत्पादकों और कारोबारियों को मौका मिले, इसका ध्यान रखना जरूरी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह की नीतियां लागू करने की कोशिश की है इसका असर भारत सहित दुनिया के सभी देशों में पडने जा रहा है। चीन और यूरोप के देशों ने अमेरिका की इस नई नीति के विरोध में अपनी कमर कस ली है। अमेरिका को वह बराबरी से जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं। भारत सरकार ने अपनी किसी नीति का खुलासा नहीं किया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दो महीने में भारत को लेकर जो नीति बनाई है और कार्रवाई की है, उसके बारे में भारत सरकार का मौन साध लेना भारत के साथ-साथ वैश्विक कूटनीतिक एवं सामरिक संबंधों को भी प्रभावित कर रहा है। भारत सरकार दो पाटों के बीच में फंसकर रह गई है। भारत सरकार अभी तक समझ ही नहीं पा रही है, उसे स्थिति का मुकाबला किस तरह से करना है। आर्थिक क्षेत्र में भारत सरकार की जो नीतियां हैं। वह लगातार भारतीय अर्थव्यवस्था को नीचे की ओर ले जा रही हैं। ऐसी स्थिति में सरकार को अच्छे आर्थिक विशेषज्ञों की सलाह अर्थव्यवस्था को लेकर लेनी होगी। भारत की अर्थव्यवस्था में ब्यूरोक्रेट काम कर रहे हैं। ब्यूरोक्रेट के स्थान पर जल्द से जल्द अर्थशास्त्रियों की तैनाती करनी होगी। जो सरकार को समय-समय पर सही सलाह दे सकें। जिस तरह की स्थिति वैश्विक स्तर पर बन रही है, उस पर काफी गंभीरता के साथ चिंतन मनन करते हुए सरकार को दीर्घकालिक नीतियां बनानी होंगी। अमेरिका की अर्थव्यवस्था का असर भारत सहित दुनिया के सभी देशों में होने जा रहा है। इसलिए भारत सरकार को और भी सजग रहने की जरूरत है।

# महिला सशक्तिकरण के मायने



डॉ. सुनीता शर्मा

8 मार्च के आसपास आते ही महिला सशक्तिकरण, महिला अधिकारों को लेकर समाज का एक तबका जोर-शोर से बातें करनी शुरू कर देता है। नारेबाजी, प्रदर्शन, स्लोगन, पोस्टर, विज्ञापनों के माध्यम से सशक्त होती महिला के विषय में खूब लिखा जाता है। क्या यह केवल एक-दो दिन के लिए विचार है या अनवरत प्रक्रिया महिलाओं के उत्थान, विकास व प्रगति के लिए दुनिया भर के संगठन महिलाओं का महिमा मंडन करने लगते हैं। बिंदी लगाती, साड़ी-सूट पहनती भारतीय महिला को पिछड़ा हुआ दिखाने में हमारा समाज, सोशल मीडिया, फिल्में इतनी तत्पर हैं और यह बताने में हिचकिचाती नहीं कि क्यों महिलाएं संस्कारी बन, घरेलू जिम्मेदारियां का निर्वहन करें?

भारतीय समाज का सबसे सशक्त स्तंभ हमारा परिवार ही है। पढ़ी-लिखी महिला अगर घर से बाहर निकल कर काम नहीं कर रही हैं तो उसे भी ग्रेट सोशल वेस्ट' तक कहने में हम हिचकिचाते नहीं हैं। वहीं, इस्लामिक देशों की बात करें तो तीन तलाक के दंश को झेलती, बुर्का, हिजाब पहनी घरेलू महिलाओं को भी वेस्टर्न मीडिया कभी दबा, कुचला, असहाय नहीं दिखाता तथा उनके पक्ष में संवाद करने व उनके विकास के लिए कटिबद्ध होता प्रतीत नहीं होता है। विगत वर्षों में जब ईरान में महिलाओं ने बुर्के व हिजाब के विरोध में प्रदर्शन किया तो किसी भी विकसित देश, वामपंथी प्रोग्रेसिव लोगों की ओर से उन महिलाओं के पक्ष में कोई लामबंदी नहीं हुई, ना तो कोई लेख लिखे गए, ना टीवी पर चर्चा हुई और अंततः उन प्रदर्शनकारी महिलाओं को जेल में डाल दिया गया या मार दिया गया। अगर यह स्थिति भारत में पर्दा प्रथा के विरुद्ध होती तो चौतरफा हमले व लामबंदी शुरू हो जाती। आमिर खान प्रोडक्शन में महाराज, लापता लेडिज फिल्में बनीं। हम कह सकते हैं कि देवदासी प्रथा और पर्दा प्रथा के क्या नुकसान हो सकते हैं-विषय पर कार्य किया गया और हिंदू समाज ने इसका स्वागत भी किया लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि क्या मुस्लिम बहनों का दर्द, डर और पीड़ा उन्हें दिखाई नहीं देती है? क्यों अभी तक तीन तलाक, बुर्का, हिजाब और एक पत्नी विवाह को आधार बनाकर मुस्लिम बहनों के अधिकारों व हक को भी आवाज देने की आवश्यकता आमिर खान को महसूस नहीं हुई।

भारतीय समाज में महिलाएं वैदिक काल से ही प्रतिष्ठित व सम्मानित रहीं हैं। ऋषि पत्नी, पुत्री, राजकुमारियों को तो अस्त्र-शस्त्र, शास्त्र में पारंगत किया जाता ही था। साधारण परिवार में जन्मी बच्चियों को भी समान अधिकार व शिक्षा का अधिकार था। सीता, विशंभरा, शकुंतला, गार्गी, मैत्रेयी, अनुसुइया, अपाला जैसी अनेक विदुषी महिलाएं हिंदुस्तान में हुई हैं जो शस्त्र और शास्त्र में पारंगत थीं। मध्यकाल में जब आक्रांताओं ने हिंदुस्तान पर आक्रमण किया और हमारी बहू-बेटियों को बुरी नजर से देखकर उनका अपहरण कर शीलभंग करना प्रारंभ किया तब इन आक्रांताओं से बचने के लिए पर्दा प्रथा प्रारंभ हुई और जैसे ही देश आजाद हुआ हम इस प्रथा से भी मुक्त हुए।

जहां केंद्रीय सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक और हलाला जैसी कुप्रथाओं से मुक्ति दिलाई है। उत्तराखंड की सरकार ने समान नागरिक संहिता ही लागू कर दी है जो सबसे क्रांतिकारी कदम है। अन्य कई राज्य सरकारें इस विषय पर काम करने की मंशा दिखा चुकी हैं। विकसित देशों में स्वच्छंदता, परिवारों के विघटन व तलाक के केस लगातार बढ़ रहे हैं। वहां का समाज पूरी तरह दिशाहीन हो चुका है। मार्क्सवाद के नए रूप 'वोक' ने शिक्षा संथाओं से लेकर घरों तक में व्यक्ति को केवल अधिकारवादी, व्यक्तिवादी और स्वच्छंदतावादी बना दिया है तथा सरकारों और हर तरह की सामजिक संस्थाओं से असंतुष्ट बना कर छोड़ दिया है। पूरा जोर अधिकारों और अपनी मर्जी चलाने पर है और कर्तव्यों, मयार्दाओं और परम्पराओं का नाम लेना भी पाप बना दिया गया है । गलत को गलत कहना 'जजमेंटल' होना कहा जाता है। माता-पिता भी अब बच्चों का मार्गदर्शन नहीं कर सकते क्योंकि ऐसा करने से 'जजमेंटल' हो जाएंगे। फिल्म, सीरियल, ओटीटी, अखबार, शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से यह सब भारत में भी प्रवेश कर रहा है जिसके शब्दजाल को समझ कर उससे बचना आवश्यक है। विवाह की बजाय 'लिव इन', बच्चों की जिम्मेदारी से बचना, अंग प्रदर्शन को नग्नता की बजाय 'बोल्ड' और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहना, विवाहपूर्व-विवाहेत्तर और अप्राकृतिक यौन संबंधों को स्वीकार्य और अधिकाधिक प्रचलित बनाना महिलाओं को सशक्त नहीं बल्कि स्वच्छंद, अकेला और मयार्दाहीन बनाता जा रहा है। यह अपसंस्कृति शिक्षा संस्थाओं, परिवार और व्यक्ति को खोखला कर रही है।

विवाह और पारिवारिक संबंधों के स्थायित्व और उनसे मिलने वाली सुरक्षा की भावना को नष्ट कर रही है। स्त्री आर्थिक रूप से सशक्त और अधिकार संपन्न होने पर भी यदि सामाजिक और मानसिक रूप से अकेली हो जाए तो ऐसा सशक्तिकरण क्या काम आएगा? अपने धर्म, सभ्यता-संस्कृति, संस्कार की शिक्षा बंद हो जाने के कारण इस दिशाभ्रम को रोकना असंभव लगने लगा है। महिला सशक्तिकरण के विषय में बात करने पर दिल्ली की अध्यापिका इंद्राणी भास्कर ने कहा कि मेरे लिए महिला सशक्तिकरण का अर्थ है कि मेरा पूरा परिवार मेरा सम्मान करे, पति बराबरी का हक दे। आजकल महिलाएं घर और बाहर दोनों संभालती हैं, उनकी कमियों को नजरअंदाज किया जाए और उन्हें डोरमैट की तरह से प्रयोग में ना लाया जाए, ना ही घर में और ना ही ऑफिस में। परिवार में लड़की होना बोझ ना समझा जाए। समाज इस विचार से बाहर निकले। लड़की को भी संस्कार व शिक्षा दी जाए।

औरतों के साथ अगर शोषण हो तो समाज एकजुट होकर खड़ा हो ताकि महिलाओं को ही एहसास रहे कि समाज उसके साथ है। वहीं, बिहार की राजधानी पटना से राजीव सिन्हा ने कहा कि देश की आधी आबादी महिला है। बिना उनकी बराबरी और आजादी, सोशल रिस्पेक्ट के देश आगे नहीं बढ़ सकता। अब महिलाओं पर घर परिवार और ऑफिस सभी की जिम्मेदारी है इसलिए परिवार उसके प्रति संवेदनशील भी हो और उसके साथ भी खड़ा हो। महिलाओं के लिए भी आवश्यक है कि वे अपनी प्राथमिकता को समझते हुए अपने कैरियर का निर्णय लें। मिशनरी स्कूल में पढ़ाने वाली बीवी कुरियन से जब बात हुई तो उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाओं की जिम्मेदारी अधिक है। महिलाओं का लाइफस्टाइल बेहतर हुआ है लेकिन ऐसी महिलाएं जो घर से बाहर कार्य कर रही हैं उनमें अपराधबोध भी रहता है कि उन्हें छोटे बच्चों को घर पर छोड़कर आना पड़ता है। अगर वे बच्चों के पालन-पोषण के लिए नौकरी छोड़ती हैं तो बाद में इस बात का कोई भरोसा नहीं है कि उन्हें नौकरी मिलेगी। इसलिए महिलाएं अपने कैरियर को लेकर कहीं ना कहीं अधिक सचेत हुई हैं। गरुड़ पक्षी बलशाली है फिर भी उड़ान भरने के लिए उसे दोनों पंखों की आवश्यकता होती है। अगर एक भी पंख कमजोर है तो वह ऊंची उड़ान नहीं भर सकता, वैसे ही इस राष्ट्र रूपी गरुड़ को ऊंची उड़ान भरनी है तो उसके दोनों पंख स्त्री और पुरुष समान रूप से शक्तिशाली होने चाहिए।' यह बात आज के संदर्भ में अक्षरशः सत्य है। महिला सशक्तिकरण की धारणा को विवेकानंद जी के इस कथन से बल मिलता है।

भारतीय संस्कृति जहां परिवार को जोड़कर रखने की बात करती है वहीं महिलाओं पर यह जिम्मेदारी अधिक आ जाती है कि वे परिवार और बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी का वहन करें और इसी कारण से शायद वर्तमान समाज में लड़कियां विवाह करने व बच्चों की जिम्मेदारी से बचना चाहती हैं। घरेलू जिम्मेदारी को वहन करती महिला आज की लड़कियों का आदर्श नहीं है। यह सतत विकास की प्रक्रिया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति ने यज्ञ में आहुति देनी है। ऐसे कई सामाजिक संगठन इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। ऐसा ही एक संगठन राष्ट्र सेविका समिति है जो विश्व का सबसे बड़ा महिला संगठन है। यहां महिलाओं के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक विकास पर बल दिया जाता है। जहां शारीरिक रूप से सबल बनाने के लिए दंड, नियुद्ध की शिक्षा दी जाती है तो बौद्धिक विकास के लिए देश के ज्वलंत विषयों पर चर्चा के माध्यम से बौद्धिक योद्धा तैयार किए जाते हैं।

# अब महिलाओं के प्रति बदलना होगा नजरिया

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी। देश में महिलाओं को अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदो पर तैनात किया जाने लगा है। जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च 1911 से पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का थीम है कार्रवाई में तेजी लाना। वर्ष की 2025 थीम में सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण होगी। जो वैश्विक स्तर पर महिलाओं और लड़कियों की प्रगति को रोकने वाली प्रणालीगत बाधाओं को तोड़ने के लिए समावेशन और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालती। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 4,05,861 अपराध दर्ज किए गए। इन अपराधों में बलात्कार, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध, और अपहरण जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न के सामने आए हैं। जो समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति हमारी उदासीनता को दशार्ते हैं। इससे पहले 2022 में 4,45,256 मामले, 2021 में 4,28,278 मामले 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज किए गए थे।

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक प्रति एक लाख आबादी पर महिला अपराध की दर 66.4 फीसदी रिकॉर्ड की गई। ऐसे मामलों में आरोप पत्र दायर करने की दर 75.8 फीसदी रही। एनसीआरबी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा 31.4 फीसदी जुर्म पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता किए जाने के थे। इसके बाद अपहरण के 19.2 फीसदी, शील भंग करने के इरादे से महिलाओं पर हमले के 18.7 फीसदी और दुष्कर्म के 7.1 फीसदी मामले रहे। एनसीआरबी के मुताबिक पिछले साल देश में जितने मामले सामने आए उनमें से 2,23,635 यानी 50 फीसदी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश में 2021 में महिला अपराध के 56,083 और और 2020 में 49,385 मामले दर्ज किए थे। इसके बाद राजस्थान (40,738 और 34,535), महाराष्ट्र (39,526 और 31,954), पश्चिम बंगाल (35,884 और 36,439) और मध्य प्रदेश (30,673 और 25,640) रहे थे।

भारत में वर्षो से महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बने है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए हैं। आंकड़े हैरान कर देने वाली हैं। क्योंकि आयोग में ये शिकायत गरिमा के अधिकार कैटेगरी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1,343, बिहार में 1,312 और मध्य प्रदेश में 1,165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं।

2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1,537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8,540, घरेलू हिंसा के 6,274, दहेज उत्पीड़न के 4,797, छेड़छाड़ के 2,349,और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1,618 मामले दर्ज किए गए।

2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30,864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28,278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं। आज भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है। हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनाये सुनने को मिलती रहती है। ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तिकरण के अभियान को धक्का लगता हैं।

# 'छावा' ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया



हृदयनारायण दीक्षित

सिनेमा दृश्य श्रव्य माध्यम है। यह करोड़ों को रोजगार देता है और प्रतिभाशाली लोगों को सृजन के अवसर। लेकिन बड़े पर्दे के सिनेमा के दर्शक घटे हैं। सोशल मीडिया में अनेक रास्तों से फिल्मी दृश्य और गाने सुने-देखे जा सकते हैं। एक तरह से बहुत बड़े हाल में बैठकर अपनों के साथ फिल्म देखने का अवसर अब नहीं रहा। इधर तीन-चार फिल्में ऐसी आईं जिनमें हिंसा का अतिरेक था। कुछ वेब सीरीज में भी हिंसा और गलियों की बौछार है। ऐसे कथानक कला का आनंद नहीं देते। सभी कलाएं आनंद मार्गी हैं। गीत-संगीत चित्त में आनंद रस का सृजन करते हैं। कुछ फिल्मों की कहानी भी रुचि पैदा करती है। सिनेमा अभी लाखों दर्शकों को सम्मोहित करता है। इस पर देश के जागरूक लोगों को खुशी मनानी चाहिए कि तमाम आधुनिक उपकरणों और तरीकों के बावजूद सिनेमा अभी भी अपना स्थान पूरी प्रतिष्ठा के साथ बनाए हुए है। इस लिहाज से निर्देशक लक्ष्मण के निर्देशन में बनी फिल्म 'छावा' दर्शकों की वाहवाही लूट रही है। इस वाहवाही के अनेक कारण हैं। केवल फिल्मांकन ही नहीं। यह अभिनय की दृष्टि से भी कमजोर फिल्म नहीं है। कसे संवाद और कलाकारों का अभिनय फिल्म के आकर्षण का कारण है। फिल्म की राष्ट्रीय चर्चा है। इसका मूल कारण औरंगजेब का व्यक्तित्व है।

औरंगजेब किसी एक व्यक्ति का नाम भर नहीं है। औरंगजेब का नाम लेते ही लगभग 350-400 साल पहले भारतीय संस्कृति और परम्परा को रौंदने वाले अत्याचारी शासक का चेहरा सामने आ जाता है। कथित सेकुलरों ने औरंगजेब की प्रशंसा में बहुत कुछ लिखा है। वह उसे फकीर और संत सिद्ध करने में आमादा हैं। औरंगजेब इस देश की संस्कृति को नष्ट करने के लिए ज्यादा जाना गया है। स्वयं ईश्वर की उपासना करता था लेकिन उसे हिन्दुओं को यह छूट देने पर ऐतराज था।

औरंगजेब का एक भाई दारा शिकोह भारतीय संस्कृति और दर्शन का अनुरागी था। अब्बा शाहजहां ने दारा शिकोह के लिए उपनिषद् और वेदांत पढ़ने वाले आचार्यों की नियुक्ति की थी। उसके मन में इस संसार को जान लेने की जिज्ञासा थी। पिता ने ऐसी ही व्यवस्था औरंगजेब के लिए भी की थी। औरंगजेब ने अपने अध्यापक आचार्य को चिट्ठी लिखी थी कि मेरे पिता ने आपको मुझे दर्शनशास्त्र पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है, जबकि दर्शन में कोई लाभप्रद बात है ही नहीं। जो विषय समझ में नहीं आते जो, समझने और याद करने में क्लिष्ठ होते हैं, वही दर्शन शास्त्र है। अच्छा होता कि आप मुझे शहर में घेरा डालने की विधि समझाते। औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को भी जेल में डाल दिया था। फिल्म छावा में भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण अंश को दशार्या गया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता विकी कौशल के अभिनय की भी प्रशंसा हो रही है।

औरंगजेब के व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारने के लिए अतिरिक्त साहस और बुद्धि की आवश्यकता थी। फिल्म के निर्देशक इस कार्य में सफल हुए हैं। औरंगजेब ने सनातन धर्म के सभी नियमों, आस्था और विश्वास को खत्म करने का काम किया था। काशी का मंदिर ध्वस्तीकरण औरंगजेब के काले कारनामों में से एक है। मूर्ति पूजा और मंदिरों में जाना औरंगजेब की निगाह में अपराध था। हम भारत के लोग औरंगजेब की प्रशंसा नहीं सुन सकते। छत्रपति शिवाजी आराध्य हैं। फिल्म में छत्रपति शिवाजी के पुत्र की भूमिका बहुत अच्छे तरीके से की गई है। फिल्म की कहानी का मूल आधार शिवाजी सावंत द्वारा लिखे गए उपन्यास छावा पर आधारित है। इस फिल्म ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया है। इसके अलावा औरंगजेब के मूल चरित्र को भी उजागर किया है। हम भारत के लोग विजय पर्व दशहरा का उत्सव मनाते हैं। रावण के पुतले को आग लगाते हैं। इसलिए कि रावण भारतीय ज्ञान परंपरा में खलनायक माना जाता है। विजयादशमी के दिनों में देश के कोने-कोने रामलीलाएं होती हैं। देश में अत्याचार करने वाले किसी भी आताताई अपराधी की उपासना की अपेक्षा हमसे क्यों की जाती है। औरंगजेब भारतीय मध्यकाल के इतिहास का खलनायक था। लेकिन सेकुलर समूह औरंगजेब की छवि को लेकर चिंतित दिखाई पड़ते हैं।

भारत की संस्कृति सभी कलाओं से भरी पूरी है। भारतीय सिनेमा भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। यूनानी दार्शनिक अरस्तु ने लिखा है कि कला प्रकृति की अनुकृति है। सही बात है। अनुसरण से कलाओं का विकास हुआ है। लेकिन भारतीय कला के शतपथ ब्राह्मण की परिभाषा जान लेने लायक है-यो वे रुपम तत शिल्पम परम सत्ता सब तरफ रूप रूप प्रतिरूप हो रही है। सिनेमा में तमाम प्रतिभाओं का श्रम जुड़ता है। सिनेमा आकर्षित करता है।

सिनेमा के कथानक को लेकर पहले भी विरोध या समर्थन होते रहे हैं। पद्मावत फिल्म के विरोध का किस्सा लोगों को मालूम है। उस समय महारानी की छवि वैसी नहीं दिखाई गई जैसी वास्तव में है। कश्मीर फाइल्स को पूरे देश ने बहुत ध्यान से देखा था। इस कहानी में कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न को फिल्माया गया था। यहां भी फिल्म के विरोधी कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न के प्रकाश में आ जाने से नाराज थे। दि केरला स्टोरी नाम की फिल्म पर लगातार विवाद होता ही रहा है। दरअसल, फिल्म निर्माण के कार्य में प्रतिभाएं सुव्यवस्थित काम करती हैं। बेशक सिनेमा किसी न किसी रूप में समाज का सच दिखाता है। फिल्मकार बेशक इतिहास आधारित फिल्म निर्माण भी करते हैं, लेकिन वह इतिहास से निर्देशित नहीं होते। इतिहास की कथाएं भी इसी तरह की हैं। भारत का अब तक का उपलब्ध इतिहास अतिरेकों से भरा पूरा है। कुछ विद्वानों का कहना है कि इतिहास के पात्रों को हम फिल्म का विषय बनाकर अच्छा नहीं करते। इतिहास भूतकाल की स्मृतिजन्य विरासत है, लेकिन अब तक लिखे गए सभी इतिहासों में तथ्यों को छिपाने या अधिक उजागर करने के आरोप लगाते हैं। भारतीय इतिहास का विरूपण हुआ है। कुछ विद्वानों ने चन्द्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा लिखे व अभिनीत किए गए चाणक्य सीरियल की कहानी में कल्पनाशीलता का आरोप लगाया है। जबकि ऐसा सच नहीं है। सीरियल में इतिहास है। साहित्य है और भारत के लिए गर्व करने लायक अनेक तथ्य।

फिल्म निमार्ता सिनेमा बनाते हैं। वह इससे भारी कमाई पाते हैं। निन्दा-स्तुति भी होती है। जरूरी नहीं कि वह देश के लिए अपने सामाजिक दायित्व का ध्यान रखें। 80 के दशक में गौतम घोष की 'पार' गोविन्द निहलानी की 'आक्रोश' और 'अर्धसत्य' जैसी फिल्मों ने सामाजिक दायित्व वाले दर्शकों को मोहित किया था। फिल्मों में इतिहास देखना गलती निकालना कोई अच्छी बात नहीं है। कला को कला, साहित्य को साहित्य और इतिहास को इतिहास की तरह रखकर ही हम जिम्मेदार राष्ट्र बन सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जमीन जायदाद का लाभ हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंग।

**वृष** : बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। धन से लाभ होने लगेगा।

**मिथुन** : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कर्क** : खान-पान में सावधानी रखें। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**सिंह** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या** : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**तुला** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

**वृश्चिक** : कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु** : स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें।

**मकर** : सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभ** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मीन** : अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने पुलिया निर्माण की आधारशिला रखी



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बरांय पंचायत स्थित बड़की बांध पर शनिवार को जिला योजना अनाबद्ध निधि मद योजना से पुलिया निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। इस पुलिया का निर्माण 53 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। शिलान्यास समारोह के दौरान बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क, पुल और पुलिया किसी भी क्षेत्र के विकास की पहली कड़ी होते हैं। उन्होंने बताया कि बड़की बांध पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस पुलिया के बनने से कई गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।बगोदर विधायक ने यह भी घोषणा की कि काली मंदिर से बांध तक पक्की सड़क बनाई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को और अधिक सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर मध्य भाग जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, दिलीप महतो, योगेंद्र यादव, अशोक मंडल, मुन्ना कुमार, मनोज कुमार, संदीप मंडल, घनश्याम रजक, सोनू साव, उमेश रजक, कारू सिंह, हीरामन ठाकुर, मनोज मंडल और अमजद अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कोनार डैम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मनाया होली मिलन समारोह

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के कोनार डैम में कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह, केटीपीएस के वरीय महाप्रबंधक संजय सिन्हा, डीजीएम आलोक कुमार, तिलैया अस्पताल के डॉ. प्रियरंजन, डीवीसी स्कूल के शिक्षक, असैनिक अभियंता गोपाल महतो, पवन कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, दीपक कुमार और सुनील कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और मिलजुल कर त्योहार मनाने का संदेश दिया। इस समारोह में रंगों की मस्ती के साथ पारंपरिक व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया गया।

### एनटीपीसी अधिकारी की हत्या पर कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने जताई कड़ी प्रतिक्रिया



**हजारीबाग।** एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (डीजीएम) कुमार गौरव की नृशंस हत्या पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने सरकार से औद्योगिक क्षेत्र और वहां कार्यरत अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया और कहा कि कांग्रेस पार्टी इस न्याय की लड़ाई में पूरी तरह उनके साथ खड़ी है।

### सांसद मनीष जायसवाल के जन्मदिन पर मरीजों के बीच बांटा गया फल



**हजारीबाग।** लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के जन्मदिन के अवसर पर हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह की पहल पर भाजपा कार्यकताओं और सांसद समर्थकों ने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के बीच फल वितरण किया। इस अवसर पर बीजेपी कार्यकताओं और समर्थकों ने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य गुंजन मद्धेशिया, मोहम्मद ताजुद्दीन, विवेक तिवारी, उदित तिवारी, कुल्तार सिंह, प्रणीत जैन, सिद्धांत कुमार उर्फ.सिद्धू, विशेषांक वर्मा, शिवपाल यादव, रूपम ओझा सहित कई अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर नियमितीकरण की मांग रखी

**कटकमसांडी।** हजारीबाग के कटकमसांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मियों ने परिसदन भवन में झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की। स्वास्थ्य कर्मियों ने नियमितीकरण की मांग रखी और उनके हालिया उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी। इस मुलाकात को सफल बनाने में चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव भोगता का सहयोग रहा। मुलाकात करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों में एमटीएस सुरेंद्र कुमार, एमपीडब्ल्यू प्रदीप कुमार गिरि, धुरेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वूमेन प्राइड अवॉर्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन

संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान में वूमेन प्राइड अवॉर्ड सेरेमनी 2025 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तरंग ग्रुप, लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग और जन जागरण केंद्र, हजारीबाग के संयुक्त प्रयास से साइ बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्या रुचि कुजूर, जिला ग्रामीण विकास शाखा निदेशक मां देव प्रिया, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार और लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन राजीव आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर समाज में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली फरहा फातिमी, झारखंडी संस्कृति को फैशन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने वाली पूजा लकड़ा, पत्रकारिता में अपनी पहचान बनाने वाली अपराजिता पांडेय, समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कुमकुम देवी, कोरोना काल में बेहतरीन कार्य करने वाली डॉ. अमला राणा, प्रदूषण मुक्त रोजगार सृजन में राष्ट्रीय उपलब्धि प्राप्त करने वाली शोमा डे अग्रवाल, लायंस क्लब से जुड़कर समाजसेवा करने वाली स्वाति वर्मा, महिलाओं के मासिक धर्म जागरूकता अभियान में कार्यरत साक्षी राणा, गरीब बेटियों की शादी में सहयोग करने वाली रश्मि रानी, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण देकर गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली आशु प्रिया, जरूरतमंदों की मदद के लिए सतत कार्यरत सुधा पसरिचा, साहित्य और काव्य के क्षेत्र में बच्चों के लिए मंच तैयार करने वाली मोना बग्गा और निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा देने वाली सरोज कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पुष्पदीप संगीत संस्थान के स्वागत नृत्य से हुई और समापन डांस पैराडाइज के नृत्य प्रदर्शन के साथ हुआ। मंच संचालन अपराजिता तिवारी ने किया, जबकि तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना बताया।

### सीएचसी में जेएसएलपीएस एक्टिव वूमेन को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

**कटकमसांडी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कटकमसांडी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस की सक्रिय महिलाओं की प्रखंड स्तरीय जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में 100 डेज टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम, वैक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफेलाइटिस के लक्षण, बचाव और उपचार पर चर्चा की गई। एमटीएस सुरेंद्र कुमार और एसटीएस शुभम राज ने महिलाओं से अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम सभाएं कर इन बीमारियों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। इस बैठक को सफल बनाने में डॉ० भूषण राणा, प्रशांत राणा, संदीप कुमार, बीपीएम जय नारायण मिस्त्री, संतोष कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार, शुभम राज, सुरेश चौधरी, आशीष यादव, अंजली रानी, रमेश यादव सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा।

## होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



संवाददाता

**कटकमसांडी।** होली और रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ अनिल कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने किया। थाना प्रभारी ने हुड़दंगियों और शराबियों पर नकेल कसने की आवश्यकता पर जोर दिया। सीओ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का प्रतीक है और इसे मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस टीम पूरी तरह सतर्क रहेगी। पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने की अपील की और कहा कि हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।।बैठक में कटकमसांडी थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, अंचलाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, भाजपा उपाध्यक्ष प्रेमचंद प्रसाद, भाजपा महामंत्री अरविंद कुमार यादव, कटकमसांडी मुखिया कुमारी श्रुति पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, मिथलेश सिंह, अनुज सिंह, रंजीत यादव, इस्लाम खान, दिलीप यादव, बाझा मुखिया धनेश्वरी देवी, रहमत अंसारी, हलधर यादव, राजा खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नारी के बिना सभ्य और सुसज्जित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती : शैलेंद्र कुमार सिंह



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, भारत माता पूजन और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुआ। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने मंचासीन महिलाओं का परिचय कराते हुए नवदुर्गा स्वरूप नारी शक्ति का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि एक अकेली स्त्री घर को स्वर्ग बनाने के लिए पर्याप्त होती है। उन्होंने यह भी बताया कि प्राचीन काल से ही मातृशक्ति सृजन का प्रतीक रही है और समाज को नई दिशा देने में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। विद्यालय के प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नारी के बिना एक सभ्य और सुसज्जित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि मातृशक्ति का तेज समाज को राह दिखाने का काम करता है और प्राचीन काल से ही समाज में नारियों का विशेष स्थान रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब वहां महिलाओं को सम्मान और समान अवसर मिले। किसी भी राष्ट्र, परिवार और समाज के विकास की गति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां की महिलाएं कितनी सशक्त हैं।कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास और उसके महत्व पर भी चर्चा की गई।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सैकड़ों महिलाओं को सम्मानित किया गया



संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव स्थित जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद ने अंबा सखी सहकारिता समिति और शक्ति कोड मिशन की शुरूआत की।स्नातक उत्तीर्ण महिलाओं को स्वावलंबी बनाना और उन्हें रोजगार से जोड़ना था।।अंबा प्रसाद ने कहा कि आज भी समाज में महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए पुरुषों से अनुमति लेनी पड़ती है। कई जगहों पर महिलाएं असहज महसूस करती हैं और अत्याचार झेल रही हैं। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं आगे बढ़ी हैं, उनका दायित्व बनता है कि वे अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ाने में मदद करें। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हर महिला को बड़े सपने देखने चाहिए और उनके लिए प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया गया। इनमें कोयला खदान में काम करने वाली भारत की पहली महिला आकांक्षा कुमारी, फैशन डिजाइनर दीपांजलि कुमारी, बैंक सखी पूनम देवी, समाजसेवी अंजू कुमारी, नव जीवन सखी योजना के तहत समाज सेवा कर रही अंजू देवी सहित कई अन्य महिलाएं शामिल थीं।

## भाजपा महिला मोर्चा द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर और अंगदान जागरूकता अभियान

संवाददाता



**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा हजारीबाग सदर विधायक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर और अंगदान जागरूकता अभियान चलाया गया। पारस हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने महिलाओं के लिए ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, बीएमआई चेकअप, आंखों की जांच और स्त्री रोग संबंधी जांच की व्यवस्थाएं कीं। इस अवसर पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने अंगदान के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति का अंगदान कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दे सकता है। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की कई सदस्यों ने अंगदान करने का संकल्प लिया, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं समाज का आधार स्तंभ हैं और उनका स्वस्थ व सशक्त होना समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा का यह प्रयास स्वास्थ्य जागरूकता और मानव सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष साक्षी राणा ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अंगदान जैसे पुनीत कार्यों में आगे बढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम के अंत में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पारस हॉस्पिटल और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की टीम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी ने इस कार्यक्रम को महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और समाज सेवा की दिशा में एक सफल पहल बना दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय उपस्थित रहीं। उन्होंने सैकड़ों महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर सफल महिला के पीछे उसकी मेहनत, संघर्ष और आत्मविश्वास होता है। सशक्त महिला ही सशक्त समाज की नींव रखती है। अपने संबोधन में उपायुक्त ने प्रोजेक्ट जागृति के बारे में जानकारी साझा की, जो बालिकाओं की शिक्षा, सामाजिक उत्थान और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट ग्रामीण स्तर पर बच्चियों की शिक्षा से जुड़ी समस्याओं और उनके जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि परिवार में अगर कोई महिला कुछ करना चाहती है तो उसे प्रोत्साहित करें और आत्मनिर्भर बनने में सहयोग दें।इस अवसर पर महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम मातृत्व वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान राज्य विधवा पुनर्विवाह योजना के लाभुकों को दो-दो लाख रुपये के चेक भी प्रदान किए गए। लाभ पाने वालों में सावित्री कुमारी, प्रीति कुमारी, मधु कुमारी और निजहत नाजनीन जैसी महिलाएं शामिल थीं।इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत 29 सेविकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए 30 बालिका विद्यालयों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें स्थापित की गईं और 7,500 सैनिटरी पैड का वितरण किया गया।

**कार्यक्रम** हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

# संस्कृति के माध्यम से समाज में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देना है

संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में सावंत इंटर कॉलेज के प्रांगण में हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था ट्रस्ट के अध्यक्ष राम किशोर सावंत और खपरियावां पंचायत की पूर्व मुखिया मंजू मिश्रा द्वारा की गई। इस आयोजन में हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। गायक करण पांडे, प्रकाश पंडित, सुबोध सिन्हा, प्रवीण राठौर और गायिका मनीता ने एक से बढ़कर एक होली के गीत गाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इनके साथ ही ऑर्गन वादन प्रिंस कुमार, ढोलक वादन कपिल कुमार, ऑक्टोपैड वादन सूरज दयाल और बैंजो वादन प्रकाश पंडित ने भी अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।रामगढ़ से आए सहदेव झांकी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण की जोड़ी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी ने अपनी मोहक प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया और होली के गीतों पर शानदार नृत्य कर कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी। कार्यक्रम में हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे भी पहुंचे और उन्होंने अपने संबोधन में प्रहलाद और होलिका दहन की पौराणिक कथा को विस्तार से बताया। उपस्थित लोगों ने उनके वक्तव्य को सराहा और जमकर तालियां बजाईं। इस भव्य आयोजन में भारतीय जनता पार्टी की नेत्री शेफाली गुप्ता ने लोगों को होली की बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रेणुका साहू, रानी शुक्ला, दिलीप साहू, तेली समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष अजय साव, महामंत्री नारायण साव, रामचंद्र साहू, चंद्रिका साहू, महेंद्र ठाकुर, बलराम राम, दिलीप पासवान के साथ-साथ ट्रस्ट के संरक्षक मनोज सिन्हा, उपाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, पंकज सिन्हा, बबलू सिंह, अशोक कुमार, अनिता कुमारी, हंसराज लोहार, जितेंद्र सिन्हा, शशिकांत उर्फ चुन्नू, तेजस्वी सावंत और उज्जवल पाठक सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की भी विशेष भागीदारी रही। तीन सौ से अधिक लोगों ने इस आयोजन में शिरकत की और होली के रंगों के साथ पारंपरिक पकवानों का आनंद लिया। बर्रा, धुस्का, मालपुआ और अन्य व्यंजनों की महक से पूरा परिसर सुगंधित हो उठा। होली मिलन समारोह में प्राकृतिक गुलाल और रंगों का उपयोग किया गया, जिससे सभी ने होली की मस्ती को खुलकर जिया।हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष राम किशोर सावंत ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है, जिसका उद्देश्य कला और संस्कृति के माध्यम से समाज में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देना है। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी ने पूरे उत्साह से भाग लिया और होली के उल्लास में सराबोर हो गए। हजारीबाग जिला के पत्रकारों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ाया।

## हजारीबाग में 10 दिवसीय बाल नाटक कार्यशाला का भव्य उद्घाटन

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के साइ बैंक्वेट हॉल में संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के सौजन्य से सम्राट हजारीबाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय बाल नाटक कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला में ₹मोबाइल फोबिया₹ नामक लघु नाटक की तैयारी की जाएगी, जिसमें मोबाइल फोन के सदुपयोग और दुरुपयोग को दशार्या जाएगा। इस नाटक के माध्यम से बच्चों को यह सिखाया जाएगा कि मोबाइल फोन कैसे हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है, लेकिन इसके अत्यधिक उपयोग से कई नकारात्मक प्रभाव भी उत्पन्न हो सकते हैं।इस कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों को अभिनय और नाट्य कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे रंगमंच की बारीकियों को सीख सकें। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ रंगकर्मी प्रवीण जायसवाल, तरंग ग्रुप के सचिव अमित कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार सिंह (आकाश) सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उद्घोषक अमिताभ श्रीवास्तव ने अपने शानदार अंदाज में कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि कार्यशाला के निर्देशक राकेश कुमार सिन्हा (राकेश गौतम) ने दर्शकों को संबोधित करते हुए नाटक और थिएटर की महत्ता को समझाया। प्रशिक्षक दीपक कुमार झा और सम्राट हजारीबाग के वरिष्ठ कलाकारों ने इस कार्यशाला को और भी ज्ञानवर्धक बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित



**भागलपुर।** डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जगदीशपुर के प्रांगण में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम एक्सेलरेट एक्शन महिलाओं की सामाजिक आर्थिक राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियां का जश्न मनाने का एक अवसर है। यह दिन महिलाओं के सम्मान और उनके समाज में योगदान को महसूस करने के लिए तय किया गया है। यह दिन एक उत्सव की भावना के साथ दुनिया भर में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने समाज को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वह घरेलू कामों के अलावे समाज के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्र में भी अपने कौशल का प्रदर्शन करती है। मध्य विद्यालय जगदीशपुर के प्रधानाचार्य आशुतोष चन्द्र मिश्र ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के प्रति सम्मान प्रशंसा और प्रेम प्रकट करती है। महिलाओं की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उपलब्धियां का जश्न मनाने का अवसर है।

### विधानसभा में उठी रमई स्कूल को डिग्री कॉलेज में तब्दील करने की मांग

**अररिया।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र में शनिवार को फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी ने सिमराहा रेलवे फाटक पर आरओबी और प्लस टू रमई स्कूल को डिग्री कॉलेज में तब्दील करने की मांग विधानसभा में उठाई। शून्यकाल के दौरान फारबिसगंज विधायक ने सिमराहा बाजार के रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण और तारांकित प्रश्न में प्लस टू रमई हाई स्कूल को डिग्री कॉलेज में तब्दील करने की मांग सदन में रखी। विधायक ने पछियारी झिरुआ पंचायत के वार्ड 05 काली मंदिर से 10 नंबर रोड होते हुए वार्ड 06 मंडल टोला तक कच्ची सड़क के पक्कीकरण, नगर परिषद जोगबनी के वार्ड 27 में एनएच 527 से राजेंद्र साह के घर तक पक्की सड़क एवं दोनों ओर आरसीसी नाला निर्माण सहित राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओ को एक हजार प्रतिमाह पारितोषक के बदले उचित मासिक मानदेय देने की मांग सदन के माध्यम से सरकार से की।

### कोलकाता की इवेंट प्लानर्स संस्था 'आइकॉनिक' द्वारा 'रंग महोत्सव' का आयोजन 12 मार्च को



**कोलकाता।** दोल पूर्णिमा या होली की पूर्व पर, कोलकाता के कार्यक्रम नियोजकों में से एक, 'आइकॉनिक' 12 मार्च को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मानिकतला स्थित 'श्रीधेश्वर शिव समाज संघ' परिसर में 'रंग महोत्सव' नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। संस्था की ओर से रूपा मालाकार ने आज 'आइकॉनिक' कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि 'रंग महोत्सव' कार्यक्रम के साथ-साथ 30 अप्रैल से 1 मई तक कोलकाता के 'गैलरी गोल्ड' में 'आइकॉनिक' के तत्वावधान में 'फोटोग्राफी प्रदर्शनी' का आयोजन किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गार्गी गुप्ता और नीतू शाह मौजूद थीं। यह शाम औपचारिक 'मन' से रंगी हुई है।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर गौ तस्करी रोकने के लिए बीएसएफ ने की गोलीबारी, एक की मौत

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा के माध्यम से गौ की तस्करी का प्रयास। जलपाईगुड़ी के कुकुरजान चौलहाटी खालपाड़ा सीमा क्षेत्र में शनिवार सुबह से ही स्थिति को लेकर तनाव बना हुआ है। बांग्लादेश से कुछ तस्कर कुकुरजान चौलहाटी खालपाडा सीमा क्षेत्र के रास्ते भारत में घुसे। बीएसएफ का आरोप है कि कुछ तस्करों ने दूसरी तरफ से, यानी भारत से, सीमा क्षेत्र में गो की तस्करी शुरू कर दी है। उस घटना को देखकर बीएसएफ ने सबसे पहले तस्करों को रोका। इसके बजाय, उन्होंने बीएसएफ जवानों पर हमला जारी रखा। उन्होंने पत्थर भी फेंकना शुरू कर दिया। एक सैनिक भी घायल हो गए। इसके बाद बीएसएफ जवानों को उन्हें तितर-बितर करने के लिए मजबूर होकर गोलियां चलानी पड़ीं। गोलीबारी जारी रहने पर तस्कर क्षेत्र से भाग गए। बाद में वहां तलाशी के दौरान बीएसएफ जवानों ने गोली लगने से घायल एक युवक को बचाया। इसके बाद चार बीएसएफ जवानों ने उसे बचाया और जलपाईगुड़ी मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले गए। हालाँकि, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अज्ञात होने के कारण सैनिकों को अस्पताल में ही रहने को कहा गया है। राजगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। माना जा रहा है कि मृतक युवक तस्कर था। जांच शुरू हो गई है।

### हावड़ा का नया पर्यटक आकर्षण पंचदीप मीनार जल्द ही खुलेगा

**कोलकाता।** हावड़ा मैदान के पास, ईस्ट-वेस्ट बाईपास के साथ, दमुरजला और कोना एक्सप्रेसवे के जंक्शन पर एक नया आकर्षण बनाया जा रहा है - पंचदीप मीनार। यह मीनार, जो शहीद मीनार (112 मीटर) से दोगुनी ऊंची है, जल्द ही शहरवासियों और पर्यटकों के लिए खुल जाएगी। यह हावड़ा के लिए एक अनूठा पर्यटन स्थल होगा, जो पश्चिम बंगाल के पर्यटन मानचित्र में एक नया स्थान जोड़ेगा। पंचदीप मीनार का निर्माण हावड़ा नगर निगम की देखरेख में और आईआईईएसटी शिवपुर के डिजाइन के अनुसार किया गया है। इसका निर्माण एक निजी कंपनी द्वारा पूरा किया गया। टावर की ऊंचाई पर 200 वर्ग मीटर का एक अवलोकन डेक है, जिसमें एक समय में 200 दर्शक बैठ सकते हैं। यहां चार दूरबीनें लगेंगी, जो 20 किलोमीटर की दूरी तक दृश्यता उपलब्ध कराएंगी। पर्यटक यहां से कोलकाता, न्यू टाउन, साल्ट लेक, दमदम हवाई अड्डा, हुगली और हावड़ा के विस्तृत दृश्यों का आनंद ले सकते हैं। इसके अलावा, 104 मीटर की ऊंचाई पर 150 सीटों वाला घूमने वाला रेस्तरां और 108 मीटर की ऊंचाई पर एक बैंक्वेट हॉल होगा, जो बड़े आयोजनों के लिए आदर्श है। आगंतुकों के लिए एक हाई-स्पीड लिफ्ट होगी, जो 3 मीटर प्रति सेकंड की गति से चलेगी और एक बार में 15 यात्रियों को ले जा सकेगी। इस भूकंपरोधी टॉवर की नींव 35 मीटर गहरी है, जिसमें 169 पाइलिंग हैं। मीनार का जमीनी स्तर पर व्यास 40 मीटर है, जो ऊपर 22 मीटर और नीचे 12 मीटर है। निर्माण में लगभग 1,400 टन स्टील का उपयोग किया गया है।

जदयू कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'नारी शक्ति सम्मेलन' का आयोजन

# पहले जो नेता था, उन्होंने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को प्रदेश जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित 'नारी शक्ति सम्मेलन' का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे शुरू से ही महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करते रहे हैं। इस दौरान लालू-राबड़ी राज पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि पहले जो नेता था उन्होंने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया था। आज सभी जगह भारी संख्या में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।



नारी शक्ति सम्मेलन में आई जदयू की महिला नेताओं विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ी अपील की। महिलाओं ने 2025 फिर से नीतीश के नारे लगाकर इस वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को एक बार फिर बिहार का सीएम बनाने का संकल्प लिया। नीतीश कुमार ने महिलाओं को बधाई देते हुए उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर दिए शुभकामना संदेश में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं। किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। महिलाओं के सशक्तीकरण तथा उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि महिलाओं के उत्थान के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहें ताकि उनका सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके और उन्हें एक सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान फल व्यसायी की मौत, आगजनी कर लोगों ने किया प्रदर्शन



एजेंसी

**भागलपुर।** जिले में जोगसर थाना क्षेत्र के घंटाघर चौक पर शनिवार को पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान फल व्यवसायी महेन्द्र साह की मौत हो गई। जिसके बाद वहां का माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। फल व्यसायी की मौत से वहां के दुकानदारों और लोगों का गुस्सा भड़क गया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने बीच सड़क पर टायर जलाकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया।

उल्लेखनीय है कि आज नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम घंटाघर चौक पर अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। उन्होंने सभी दुकानदारों को सड़क से अपनी दुकानें हटाने का आदेश दिया। जब दुकानदार अपनी दुकानें हटा रहे थे, तभी महेंद्र साह को दिल का दौरा पड़ा और वो गिर गए। जिसके बाद महेंद्र साह को अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी में बैठाया गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद सभी दुकानदार आक्रोशित हो गए।

आक्रोशित लोगों ने मृतक के शव को घंटाघर चौक पर रखकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया और सड़क जाम कर दिया। इस दौरान कई जगहों पर टायर जलाकर आगजनी भी की गई। दुकानदारों ने पुलिस की कार्रवाई को गलत बताया और न्याय की मांग की। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने में लगे गई। घंटाघर चौक के आसपास कई घंटे तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

## जादवपुर में पार्किंग को लेकर विवाद, कैब चालक की पीट-पीटकर हत्या

संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता में फिर पीट-पीटकर हत्या! इस बार भीड़ की पिटाई का शिकार एक आप कैब चालक हुआ है। घटना बुधवार रात जादवपुर थाना क्षेत्र के बिजॉयगढ़ इलाके में घटी। शनिवार सुबह अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। जादवपुर थाना की पुलिस ने इस घटना में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पता चला है कि मृतक का नाम जयंत है। वो ऐप कैब ड्राइवर। यह घटना विजयगढ़ के लालका ग्राउंड के पास घटी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात घर लौटते समय ऐप कैब ड्राइवर का स्थानीय युवकों से पार्किंग को लेकर झगड़ा हो गया। सूत्रों का दावा है कि लालका ग्राउंड के पास पार्किंग करते समय कैब ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी। उस समय स्थानीय युवकों के बीच हाथापाई हो गई थी। जयंत जमीन पर गिर पड़ा। उन्हें तुरंत बचा लिया गया और पास के अस्पताल ले जाया गया। वह वहां मौत से लड़ रहा था। शनिवार सुबह कैब चालक की मौत हो गई।

इस घटना में 5 लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी है। स्वाभाविक रूप से इस घटना से क्षेत्र में हलचल मच गई है। कोलकाता में सामूहिक हत्या की घटनाओं के बाद दहशत बढ़ती जा रही है। पुलिस बार-बार कह रही है कि किसी भी परिस्थिति में कानून अपने हाथ में न लें। फिर भी ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

## मुख्यमंत्री ने सम्राट जरासंध स्मारक का किया अनावरण

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिले के राजगीर में स्थित जयप्रकाश उद्यान में सम्राट जरासंध स्मारक का फीता काटकर अनावरण किया।

महान सम्राट जरासंध की यह 21 फीट ऊंची प्रतीकात्मक प्रतिमा है। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सम्राट जरासंध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सम्राट जरासंध की जीवनी पर म्यूरल्स (भित्तिचित्र), जरासंध जानकारी केंद्र एवं परिसर के जल संरक्षण संरचना का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने जयप्रकाश उद्यान परिसर का जायजा लेने के क्रम में कहा कि पूरे परिसर को ठीक ढंग से मेंटेन रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर से हमारा पुराना रिश्ता है। हम बचपन से ही यहां आते हैं। बिहार की बागडोर संभालने के बाद वर्ष 2009 में हम राजगीर में



7 दिन रहे थे और यहां के सभी महत्वपूर्ण स्थलों को जाकर देखा था। उसके बाद राजगीर के सभी ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का विकास कराया गया लेकिन सम्राट जरासंध के अखाड़े की स्थिति को ठीक नहीं कर पाये क्योंकि यह स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन प्रतिबंधित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सम्राट जरासंध के अखाड़ा को विकसित करना चाहते थे लेकिन प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण यह संभव नहीं हो सका इसलिए जरा देवी मंदिर एवं जेपी उद्यान के बगल में जरासंध स्मारक निर्माण कराने का निर्णय लिया गया और 27 नवम्बर, 2022 को इसकी घोषणा की गयी। वर्ष 2023 में सम्राट जरासंध स्मारक का निर्माण कार्य शुरू हुआ। हमने कई बार निमार्णाधीन स्थल का जायजा लिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां पर सम्राट जरासंध की 21 फीट ऊंची प्रतिमा लगायी गयी है और यहां पार्क भी बनकर तैयार है। आज सम्राट जरासंध के स्मारक एवं उनकी प्रतिमा (मूर्ति) का अनावरण किया गया है। बिहार में चन्द्रवंशी समाज के लोग सम्राट जरासंध को अपना पूर्वज मानते हैं। इसे देखते हुए वर्ष 2023 से सरकारी तौर पर जरासंध महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जरासंध महाभारत काल के बेहद ही शक्तिशाली योद्धा थे। वे मल युद्ध (कुश्ती) में माहिर थे। पुराने जमाने के जरासंध का अखाड़ा आज भी राजगीर में मौजूद है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने पुष्प गुच्छ तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बन्दना प्रेयसी ने प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## हावड़ा में भव्य समारोह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय लोक अदालत

संवाददाता

**कोलकाता।** शनिवार को देशभर की विभिन्न निचली अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें हावड़ा जिला न्यायालय कोई अपवाद नहीं है। इस दिन पीठों का आयोजन श्री अभिजीत सोम, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हावड़ा (जिला विधिक सेवा केन्द्र के अध्यक्ष) के नेतृत्व और जिला विधिक सेवा केन्द्र की सचिव श्रीमती सुपर्णा सरकार के संचालन में किया गया। जिला मुख्यालय न्यायालय में 16 बेंच और उलुबेरिया उपखंड न्यायालय में 3 बेंच हैं। हावड़ा जिला विधिक सेवा केंद्र के कार्यालय मास्टर प्रसनजीत भट्टाचार्य ने कहा - 'राष्ट्रीय लोक अदालत में दर्ज अधिकांश मामलों का आज निपटारा हो चुका है, इन मामलों में धनराशि कई करोड़ रुपये से अधिक है।'



हावड़ा जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत की पीठ संख्या 14 में न्यायिक अधिकारी श्री असीम देबनाथ की अध्यक्षता में दो सदस्यीय पीठ थी। मोल्ला जसीमुद्दीन महाशय, एक 'प्रशिक्षित मध्यस्थ' और 'कानूनी संवाददाता', एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में इस पीठ के 'सदस्य न्यायाधीश' बने। सजल सरकार, अमित चक्रवर्ती और अन्य इस पीठ में एक्सिस बैंक की ओर से पेश हुए। यह पीठ डिफॉल्टरों के मामलों की सुनवाई करती है। अधिकांश मामले इसी पीठ में निपटाए जाते हैं। हावड़ा जिला न्यायालय की अन्य पीठें यातायात कानून, धन-मुकदमे, स्वामित्व मुकदमे, बैंक, एनजीआर, बिजली, स्वामित्व मुकदमे, बांड बैंक आदि से संबंधित मामलों का निपटारा करती हैं।

हावड़ा जिला न्यायालय में 'बेंच जज' के रूप में शिक्षक, वकील, समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारी और पत्रकार सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को शामिल किया गया। ज्ञातव्य है कि दिनभर में अधिकांश मामले दोनों पक्षों की सहमति से सुलझा लिये गये।

कुलती में कर्ज के दबाव के चलते दंपत्ति ने की आत्महत्या

## पति पंखे से लटका मिला, पत्नी खून से लथपथ पड़ी थी

संवाददाता

**कोलकाता।** हाल्टू घटना की छाया कुलती के आल्दी गांव में है। दम्पति के शव घर से बरामद। परिवार के सदस्यों का दावा है कि उन पर भारी कर्ज था। ऋण न चुका पाने के कारण उन्हें कई बार अपमानित होना पड़ा है। संभवतः यही कारण है कि दम्पति ने मानसिक परेशानी के कारण ऐसा चरम निर्णय लिया।



मृतकों में 40 वर्षीय रूपकुमार बाउरी और 35 वर्षीय माला बाउरी शामिल हैं। यह दम्पति लंबे समय से कुलती के आल्दी गांव के निवासी हैं। उनकी चार बेटियां भी हैं। एक बेटी विवाहित है। तीन अविवाहित हैं। रूपकुमार एक राजमिस्त्री है। माला नौकरानी का काम करती है। शुक्रवार की रात रूपकुमार और माला एक कमरे में सोये थे। अगले कमरे में तीन लड़कियां थीं। काफी समय बीत जाने के बाद भी माता-पिता की ओर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर तीनों लड़कियां चिंतित हो गईं। वे शनिवार की सुबह उन दोनों को जगाने गए। घर में प्रवेश करते ही वह आश्चर्यचकित रह गए। माला चटाणं पर पड़ी हुई दिखाई गयी। उसका गला कटा हुआ था। पूरा घर खून से लथपथ है। रूपकुमार का शव उस कमरे में पंखे से लटक रहा है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों शव बरामद कर लिए गए हैं और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

जांचकर्ताओं ने दम्पति की तीन बेटियों से भी बात की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को पास के एक घर में शादी समारोह था। वहां देर रात तक साउंड बॉक्स बजता रहा। इसलिए उन्हें नहीं पता कि शुक्रवार की रात उनके माता-पिता के बीच कोई झगड़ा हुआ था या नहीं। हालाँकि, परिवार में लगातार गरीबी के कारण दम्पति के बीच लगभग हमेशा ही अशांति बनी रहती थी। परिवार के अन्य सदस्यों का दावा है कि उन्होंने कई जगहों से कर्ज लिया था। लेकिन वह ऋण चुकाने में असमर्थ था। यही कारण है कि कर्ज देने वाले लोग अक्सर घर पर आते-जाते रहते थे। इस दम्पति को एक से अधिक बार अपमानित भी किया गया है। इस कारण दोनों मानसिक अवसाद से ग्रस्त थे। शुरूआत में यह माना गया कि इसी वजह से रूपकुमार ने अपनी पत्नी का गला काटकर आत्महत्या कर ली। जांचकर्ता फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

हालतु में एक दम्पति और उनके बच्चे के साथ आत्महत्या करने के मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

# लाखों का लोन दिलाने के लिए 'कमीशन' लेने का आरोप

संवाददाता

**कोलकाता।** हालतु में एक दम्पति और उनके बच्चे के साथ आत्महत्या करने के मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सोमशुभ्र मंडल को गिरफ़्तार किया गया है। उन पर कई बैंकों और ऐप्स से कम से कम 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त करके 'कमीशन' लेने के आरोप है। लम्बी पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें शनिवार को अदालत में पेश किया गया। इससे पहले पुलिस ने घटना के सिलसिले में मृतक के मामा, मामी और एक ऋण वसूली एजेंट को गिरफ्तार किया था।

4 मार्च को सोमनाथ और सुमित्रा रॉय के शव हालतु के पूर्ब पल्ली स्थित उनके घर से बरामद किए गया था। उनके छोटे बच्चे का शव घर में सोमनाथ की छाती से बंधा हुआ लटका हुआ पाया गया। प्रारंभिक तौर पर ऐसा माना जा रहा है कि सोमनाथ ने पहले अपने बेटे की हत्या की और फिर उसे अपने शरीर से बांधकर खुद भी फांसी लगा ली। घर की दीवार पर लिखे कुछ नाम, संपत्ति के बारे में कुछ जानकारी मिली। शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पुलिस ने





पड़ोसियों से बात करके अधिक जानकारी प्राप्त की। सोमनाथ के मामा और मामी का नाम सामने आया।

पता चला है कि ऑटो चालक सोमनाथ के सिर पर कर्ज था। उन्होंने कथित तौर पर अपने बेटे के इलाज के लिए ऑटो यूनियन से 8 हजार रूपया उधार लिया था। लेकिन सोमवार को, अपनी मृत्यु से ठीक पहले, उन्होंने जीवन का वह कर्ज चुका दिया। इसके अलावा, सोमनाथ पर अन्य कर्ज भी थे, जिन्हें चुकाने के लिए उन्होंने एक ऑटो बेच दिया। फिर भी, अशांति कम नहीं हुई है। हालतु, जहां वे रहते थे, सोमनाथ के मामा का घर था। इस संपत्ति को लेकर मामा-,मामी से विवाद चल रहा था। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के मामा और मामी को गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद चंचल मुखर्जी का नाम सामने आया। सुसाइड नोट में चंचल का नाम लिखा था। यह युवक दरअसल एक बैंक ऋण वसूली एजेंट है। सोमनाथ ने कथित तौर पर एक बैंक से 10 लाख रुपये का ऋण लिया था। चंचल ने कथित तौर पर मृतक को बकाया राशि के लिए विभिन्न तरीकों से परेशान कर रहा था। घर जाते समय भी उसने अपमानजनक बातें कहीं। इसीलिए पुलिस ने चंचल मुखर्जी को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को सोमशुभ्र मंडल नामक एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। सोमशुभ्र ने सोमनाथ को ऋण दिलाने में मदद की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### पिपरा पुलिस ने बनाही गांव में 7 घरों में चल रही अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया



**हरिहरगंज।** पिपरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाते हुए बनाही गांव में छापेमारी कर 7 घरों में संचालित अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस ने 400 किलो जावा महुआ और शराब बनाने के विभिन्न उपकरणों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी विमल कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। जैसे ही पुलिस की गाड़ियों की आवाज गांव में गूंजी, अवैध शराब के धंधे में शामिल लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया और गांव में शराब कारोबार के खिलाफ सख्त संदेश दिया। छापेमारी अभियान में एसआई नकुल शर्मा और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी हाल में इस अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।

### हरिहरगंज में आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड में 9 मार्च को शहरी और ग्रामीण फीडर की लाइनों के मेंटेनेंस कार्य के कारण सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में छतरपुर सहायक विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने जानकारी दी और लोगों से अपील की कि वे समय रहते बिजली से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा कर लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में पति-पत्नी के बीच तीन साल पुराना विवाद सुलझा

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में एक पति-पत्नी के बीच तीन साल से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास के प्रयासों से दोनों पक्षों में सुलह हो गई और वे साथ रहने को सहमत हो गए। पत्नी असमीना बीवी उर्फ असमीना खातून ने अपने पति गुलाम रसूल के खिलाफ 31 अगस्त 2023 को कुटुंब न्यायालय में भरण-पोषण का मुकदमा दायर किया था। उन्होंने अपने और अपनी बच्ची के भरण-पोषण के लिए हर महीने 20 हजार रुपये की मांग की थी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश की और अंततः पति-पत्नी ने आपसी सहमति से साथ रहने का फैसला किया। न्यायालय के इस निर्णय के बाद तीन साल से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव और कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास मौजूद थे। दोनों पक्षों ने राजी-खुशी एक साथ रहने का निर्णय लिया और मुकदमे को सुलह के आधार पर समाप्त कर दिया गया।

### बैरिया चौक के पास सघन जांच अभियान, 13 दोपहिया वाहन जब्त

**मेदिनीनगर।** पलामू में बैरिया चौक के पास शनिवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चारपहिया और दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई, जिसमें कई वाहन चालक बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस के पकड़े गए। जांच के दौरान 13 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। इन वाहनों को चालान और फाइन प्रक्रिया के लिए जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया है। इसके अलावा, तीन ट्रकों का ऑनलाइन चालान भी जिला परिवहन कार्यालय भेजा गया है। शनिवार को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू से 12 दोपहिया वाहनों का चालान कर 20,402 की फाइन राशि वसूल की गई, जबकि सीजीएम कार्यालय, पलामू से 2 दोपहिया वाहनों का चालान कर 8,000 की फाइन राशि जमा हुई। इस प्रकार कुल 28,402 की फाइन राशि वसूली गई।

### मुखिया ने चबूतरा और नाली निर्माण योजनाओं का किया शिलान्यास



**हरिहरगंज।** पलामू के तूरी पंचायत में शनिवार को 15वीं वित्त योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस दौरान तूरी गांव स्थित चेड़ी स्थान पर चबूतरा निर्माण तथा चेड़ी स्थान से कुआं तक नाली एवं पटिया निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। इन योजनाओं का उद्घाटन पंचायत के मुखिया संदीप कुमार यादव ने किया। मुखिया ने इस अवसर पर कहा कि गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांवों में सड़क, नाली समेत अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपनी जरूरतों के अनुसार योजनाओं का प्रस्ताव पंचायत स्तर पर प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें जिला प्रशासन और सरकार तक पहुंचाया जा सके।इस शिलान्यास समारोह में पंचायत के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सचिव पंकज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अशोक यादव, चंदन यादव, दिलीप भुइयां, राजकेश यादव, कृष्णा भुइयां, भोला चौधरी, कमलेश, चनारीक समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राजस्व निरीक्षक महेंद्र राम निलंबित, उपायुक्त ने कहा

# सरकारी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर-पिताम्बरपुर अंचल के राजस्व निरीक्षक महेंद्र राम को उपायुक्त शशि रंजन ने निलंबित कर दिया है। उन पर सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने, कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित न रहने और लंबित म्यूटेशन मामलों का समय पर निष्पादन नहीं करने के आरोप लगे हैं। 21 दिसंबर 2024 को अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने नीलांबर-पिताम्बरपुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया था, जिसमें यह पाया गया कि कई नामांतरण वाद अगस्त 2024 से लंबित पड़े हुए थे और 90 दिनों की निर्धारित समय सीमा के बाद भी उनका निष्पादन नहीं किया गया था। इसके अलावा, राजस्व निरीक्षक महेंद्र राम द्वारा पंजी-11 में प्लॉटवार रकबा अंकित नहीं किया गया था, जिससे नामांतरण प्रक्रिया अधूरी रह गई।जब अपर समाहर्ता पलामू ने ऑनलाइन पंजी-11 का अवलोकन किया, तो उसमें प्लॉटवार रकबा अंकित पाया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि राजस्व निरीक्षक की लापरवाही के कारण नामांतरण प्रक्रिया लंबित थी। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि महेंद्र राम ने 25 से अधिक नामांतरण मामलों को 90 दिनों से अधिक समय तक बिना किसी वैध कारण के लंबित रखा था, जो झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 का उल्लंघन है। इसके अलावा, उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति की जांच करने पर यह भी पाया गया कि वे नियमित रूप से अंचल कार्यालय नहीं आ रहे थे। उपायुक्त शशि रंजन ने इस कार्रवाई को जरूरी बताते हुए जिले के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत तय समय सीमा के भीतर अपने कार्यों का निष्पादन करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई अधिकारी या कर्मी लापरवाही बरतेगा, तो उसके वेतन में कटौती की जाएगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू कराने के लिए आज सामूहिक उपवास



**संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में पुराने सीएचसी भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू कराने की मांग को लेकर 9 मार्च को सामूहिक उपवास रखा जाएगा। इस उपवास का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कमलेश कुमार यादव करेंगे। श्री यादव ने बताया कि हरिहरगंज में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार इस क्षेत्र में शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं करती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। यदि सरकार उनकी मांग को अनदेखा करती है, तो वे आमरण अनशन करने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल उनकी नहीं, बल्कि हरिहरगंज के सभी नागरिकों की है। उन्होंने शहरवासियों और ग्रामीणों से इस आंदोलन में सहयोग करने की अपील की है ताकि जल्द से जल्द स्वास्थ्य केंद्र चालू हो सके और लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

## माटी कला बोर्ड में विधवा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के कोऑपरेटिव चौक स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय में पहल ट्रस्ट द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार और सुबह की धूप पत्रिका के संस्थापक शिवशंकर प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई। मुख्य अतिथि नीता चौहान ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और सरकार की पुनर्विवाह योजना की जानकारी दी, जिसके तहत इच्छुक महिलाओं को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने महिलाओं से इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि बिमला कुमारी ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें हर चुनौती का सामना करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। मुख्य वक्ता शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि महिलाओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है और उनके बिना घर अधूरा रहता है। उन्होंने विधवा महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विधवा होना कोई अभिशाप नहीं है, बल्कि समाज की नकारात्मक सोच को बदलने के लिए उन्हें अपने कार्यों से एक मिसाल कायम करनी होगी। पहल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश देव ने महिलाओं को संघर्ष का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि समाज में अपनी जगह बनाने के लिए रूढ़ियों का सामना करना जरूरी है। कार्यक्रम में सुबह की धूप पत्रिका के संस्थापक शिवशंकर प्रसाद और प्रखर वक्ता ललन प्रजापति ने भी अपने विचार रखे। संचालन शिक्षाविद आनंद कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को सम्मानस्वरूप उपहार और चादर प्रदान किए गए।

## स्तरोन्नत उच्च विद्यालय विश्रामपुर पिठौरा के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना



### थाना प्रभारी ने हरी झंडी दिखाकर किया विदा

**संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय विश्रामपुर पिठौरा के विद्यार्थियों को एसपीसी (स्टूडेंट पुलिस कैडेट) योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना किया गया। इस अवसर पर पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार, सरैया पंचायत समिति सदस्य दिनेश पासवान और विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। विद्यार्थियों को बेतला नेशनल पार्क और ऐतिहासिक पलामू किले का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें इन स्थलों का ऐतिहासिक महत्व बताया गया। थाना प्रभारी विमल कुमार ने बच्चों को चॉकलेट वितरित करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य न केवल मनोरंजन होता है, बल्कि यह विद्यार्थियों को अपने इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का एक माध्यम भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्कता बरतने और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील उपाध्याय ने कहा कि एसपीसी योजना के तहत बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान देने के उद्देश्य से यह यात्रा आयोजित की गई है। भ्रमण दल में विद्यालय के शिक्षक रामाकांत यादव, सुनील कुमार, मनोज जायसवाल, रत्नेश कुमार, लिंजुन कुजूर, धीरेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे। सभी बच्चों ने इस यात्रा को लेकर उत्साह जताया और कहा कि इस तरह की यात्राओं से सीखने का एक नया अनुभव मिलता है।

## पलामू व्याघ्र संरक्षण फाउंडेशन की बैठक संपन्न



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेतला नेशनल पार्क के कॉन्फ्रेंस हॉल में पलामू व्याघ्र संरक्षण फाउंडेशन की शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदीव्य कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से विधायक रामचंद्र सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में झारखंड वन्यजीव नीति के निर्माण, वन्यजीव संरक्षण, वन्यजीवों के प्रबंधन योजना और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। विधायक रामचंद्र सिंह ने इस दौरान कहा कि वन्यजीव संरक्षण के अलावा इको-सेंसिटिव जोन में रह रहे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता है। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सड़क और पुल-पुलिया निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर किया जाए ताकि ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा हो। इसके अलावा, पर्यटन विभाग को वन और पर्यावरण विभाग के साथ मिलकर वन्यजीव पार्कों, बर्ड वॉच टावर और अन्य पर्यटन सुविधाओं के विकास पर ध्यान देना चाहिए। इस बैठक में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रेम कुमार सिंह, युवा कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, समाजसेवी मनोज प्रसाद, मुमताज खां, रविंद्र राम और सईद अंसारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## महिला दिवस के अवसर पर निःशुल्क बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम और द कराटे एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में महिला दिवस के अवसर पर निशुल्क बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम महिला महापौर अरुणा शंकर और झामुमो नेता अविनाश देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाकर उन्हें सशक्त बनाना था ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति का सामना कर सकें। शिविर में द कराटे एकेडमी के निदेशक सुमित बर्मन ने अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया। कार्यक्रम में संत मरियम स्कूल की छात्राओं ने कराटे का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। इस अवसर पर महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि बेटियां देश का भविष्य हैं और उन्हें कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक सुरक्षा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का भी प्रतीक है। झामुमो नेता अविनाश देव ने कार्यक्रम में कहा कि बेटियां भारत की शेरनियां हैं, जो आवश्यकता पड़ने पर चामुंडा का रूप धारण कर सकती हैं। उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मरक्षा की कला को भी अनिवार्य रूप से सीखने पर जोर दिया।द कराटे एकेडमी के निदेशक सुमित बर्मन ने नगर आयुक्त जावेद सर और सह नगर आयुक्त विश्वजीत महतो का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि समाज में आए दिन होने वाली घटनाओं को देखते हुए बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित करना बहुत आवश्यक है। यदि बालिकाएं सशक्त और आत्मनिर्भर होंगी, तो वे न केवल स्वयं की रक्षा कर सकेंगी, बल्कि समाज में होने वाली घटनाओं को भी रोकने में सहायक बनेंगी। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नगर निगम और द कराटे एकेडमी ने इस आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। कार्यक्रम में पलामू कबड्डी संघ के सचिव दीपक तिवारी, डॉ० ओमप्रकाश पासवान, सैकड़ों छात्राएं, अभिभावक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अर्पित कुमार ने किया।

### पलामू एसपी कार्यालय में ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन की स्थापना

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने महिलाओं के लिए एक सराहनीय पहल की। एसपी कार्यालय में ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन की स्थापना की गई, जिससे कार्यालय आने वाली महिलाओं को अपने शिशुओं की देखभाल के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक स्थान मिल सके।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह सुविधा इसलिए शुरू की गई ताकि महिलाएं बिना किसी असुविधा के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें और साथ ही अपने छोटे बच्चों की देखभाल भी कर सकें। इस पहल का शुभारंभ एसपी के साथ शहर, छतरपुर और हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी ने किया। अगर इस पहल को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती है, तो जल्द ही जिले के अन्य थानों में भी ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन की स्थापना की जाएगी।

**सम्मेलन** महिला सशक्तिकरण को लेकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-सह-फूलो झानो आशीर्वाद सम्मेलन आयोजित

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया महिलाओं को प्रेरित



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पलामू जिले में फूलो झानो आशीर्वाद सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और लोकतंत्र व सुशासन की मजबूती में उनकी भूमिका बेहद अहम है। वर्तमान समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे आर्थिक और तकनीकी रूप से खुद को सशक्त बनाएं और अपने परिवार व समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के लिए भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया। वहीं, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने सभी को महिला सशक्तिकरण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि महिलाओं का विकास ही समाज का विकास है और सरकार की योजनाओं से अब तक जो महिलाएं नहीं जुड़ पाई हैं, उन्हें भी जोड़ने का प्रयास किया जाय। पलामू जिले में ₹फूलो झानो आशीर्वाद अभियान₹ के तहत 602 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इस योजना के तहत सरकार शराब बिक्री के कार्य में लगी महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार से जोड़ रही है और उन्हें 50 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है और वे अब आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपने परिवार और समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं।जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम पर प्रकाश डालते हुए लैंगिक समानता और महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।।महिलाओं ने इस कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया और कहा कि इससे उन्हें आगे बढ़ने की नई दिशा मिली है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएं ताकि महिलाओं को सशक्त बनने का और अधिक अवसर मिल सके।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 46,852 मामलों का निपटारा

**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान पलामू जिले में कुल 46,852 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 23 करोड़ 17 लाख 82 हजार 991 रुपये की राशि से संबंधित विवादों का समाधान निकाला गया। झालसा के निदेशानुसार और पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के देखरेख में यह लोक अदालत आयोजित की गई। लोक अदालत में मामलों के शीघ्र और सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए 15 पीठों का गठन किया गया था। इनमें से 13 पीठ सिविल कोर्ट पलामू में, 14वीं पीठ हुसैनाबाद अनुमंडलीय कोर्ट में और 15वीं पीठ छतरपुर अनुमंडलीय न्यायालय में कार्यरत थी। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान प्री-लिटिगेशन के 43,124 मामलों और कोर्ट में लंबित 3,728 मामलों को निपटाया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार सिंह, अन्य न्यायाधीश, अधिवक्ता, बैंक प्रतिनिधि, वन विभाग, उत्पाद विभाग, बीएसएनएल और अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।।लोक अदालत में विवादों का निपटारा कराने पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे लंबे समय से चले आ रहे विवादों का समाधान त्वरित और सहज तरीके से हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई इंडियंस ने लिजार्ड विलियम्स की जगह कोर्बिन बॉश को किया टीम में शामिल



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर कोर्बिन बॉश को आईपीएल 2025 के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। वह अपने हमवतन तेज गेंदबाज लिजार्ड विलियम्स की जगह लेंगे, जो घुटने की चोट के कारण आगामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। विलियम्स ने इस साल जनवरी में खेले गए एसए20 टूर्नामेंट में भी भाग नहीं लिया था और अब तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। मुंबई इंडियंस ने उन्हें उनके बेस प्राइस 75 लाख रुपये में खरीदा था। कोर्बिन बॉश, जिन्हें आईपीएल 2025 की नीलामी में किसी भी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था, अब मुंबई इंडियंस के सेटअप का हिस्सा बन गए हैं। वह पहले से ही इस फ्रेंचाइजी की एसए20 टीम, एमआई केप टाउन का हिस्सा रह चुके हैं, जहां उन्होंने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने आठ मैचों में 11 विकेट चटकाए थे, जिसमें सनराइजर्स ईस्टर्न केप के खिलाफ 4/19 के शानदार आंकड़े शामिल हैं। यह पहला मौका नहीं है जब बॉश को आईपीएल टीम से जुड़ने का अवसर मिला है। इससे पहले वह राजस्थान रॉयल्स के लिए नेट बॉलर के रूप में जुड़े थे और बाद में नाथन कूल्टर-नाइल की जगह टीम में शामिल किए गए थे।

### वेन मैडसेन फिर बने डर्बीशायर के कप्तान, काउंटी चैम्पियनशिप में संभालेंगे टीम की कमान



**डबीर्शायर।** इंग्लिश काउंटी क्लब डर्बीशायर ने अनुभवी बल्लेबाज वेन मैडसेन को दोबारा अपना कप्तान नियुक्त किया है। वह इस समर काउंटी चैम्पियनशिप में टीम की अगुवाई करेंगे। 41 वर्षीय मैडसेन ने यह भूमिका सीजन की शुरुआत से ठीक एक महीने पहले स्वीकार की, डेविड लॉयड के कप्तानी छोड़ने के फैसले के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। इससे पहले, मैडसेन 2012 से 2016 तक डर्बीशायर के कप्तान रह चुके हैं और अपनी कप्तानी के पहले ही सीजन में टीम को डिविजन टू से प्रमोशन दिलाया था। डबीर्शायर के हेड कोच मिकी आर्थर ने मैडसेन को कप्तानी सौंपने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा वेन हमेशा से बेहतरीन लीडर रहे हैं और वह ड्रेसिंग रूम में काफी लोकप्रिय भी हैं। मैं बेहद खुश हूं कि वह 2025 में हमारी टीम का नेतृत्व करेंगे। उनकी अनुभवशीलता अनमोल है–उन्होंने पहले भी कप्तान के तौर पर प्रमोशन हासिल किया है।

### अरविंद चितांबरम ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता



**प्राग।** भारत की शतरंज में बादशाहत जारी रखते हुए ग्रैंडमास्टर अरविंद चितांबरम ने अपने करियर का पहला बड़ा खिताब जीता। उन्होंने प्रतिष्ठित प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। तमिलनाडु के 25 वर्षीय अरविंद ने नौवें और अंतिम दौर में तुर्की के गुरेल एदिज के खिलाफ ड्रॉ खेलते हुए कुल छह अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। विश्व नंबर 8 आर प्रज्ञानानंदा इस टूर्नामेंट में पांच अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें अंतिम दौर में डच ग्रैंडमास्टर अनीश गिरि के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी वेई यी और गिरि भी प्रज्ञानानंदा के साथ पांच अंकों पर रहे। अंतिम दौर में अरविंद ने काले मोहरों से खेलते हुए कैरो-कान डिफेंस का उपयोग किया। उनके प्रतिद्वंद्वी गुरेल एदिज ने किंग्स पॉन ओपनिंग का एडवांस वेरिएशन चुना।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगी चैंपियन बनने की जंग

**नई दिल्ली। एजेंसी**



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार (9 मार्च) को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह ठीक एक सप्ताह पहले हुए ग्रुप स्टेज मुकाबले की पुनरावृत्ति होगी, जहां भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। अब तक इस टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा है, जबकि न्यूजीलैंड ने अपनी लय हासिल करने के लिए सभी चार अलग-अलग स्थानों पर मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड को दुबई में खेलने का अनुभव है और कागज पर वे भारत को कड़ी चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार दिखते हैं।

न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर और माइकल ब्रेसवेल इस टूर्नामेंट में बेहतरीन लय में हैं। सैंटनर की सफलता का सबसे बड़ा कारण उनकी सटीकता रही है–उन्होंने 39.5 प्रतिशत गेंदें स्टंप्स पर डाली हैं, जिससे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका कम मिला है। हालांकि, विराट कोहली के लिए बाएं हाथ के स्पिनर परेशानी का सबब रहे हैं। 2022 से अब तक, कोहली का औसत लेफ्ट आर्म स्पिन के खिलाफ केवल 26.80 का रहा है और उनका स्ट्राइक रेट भी 73 प्रति 100 गेंद से नीचे चला जाता है। हालांकि, शुभमन गिल ने सैंटनर और ब्रेसवेल के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। गिल ने सैंटनर के खिलाफ 115 रन और ब्रेसवेल के खिलाफ 62 रन बनाए हैं, और अब तक उनसे आउट नहीं हुए हैं। मध्यक्रम के लिए स्पिन का सामना करना अहम रहेगा, खासकर जब दबाव में बड़े शॉट लगाने की जरूरत होगी।

रचिन रवींद्र इस टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़े रन-स्कोर रहे हैं। उन्होंने बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार शतक लगाए हैं।

भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में उनका शुरूआती विकेट गिरने के बाद टीम को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। यदि फाइनल में वे क्रीज पर टिके रहते हैं, तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अपने गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ सकता है।

**न्यूजीलैंड की चुस्त फील्डिंग बनाम भारत की ढीली पकड़**

इस टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड की फील्डिंग शानदार रही है, और उन्होंने कैचिंग में 91.1 प्रतिशत की सफलता दर हासिल की है, जो किसी भी अन्य टीम से बेहतर है। उन्होंने अब तक 31 कैच लपके हैं और केवल तीन कैच छोड़े हैं। दूसरी ओर, भारत की फील्डिंग चिंता का विषय बनी हुई है–टीम अब तक सात कैच और एक स्टंपिंग का मौका गंवा चुकी है, जिससे विपक्षी टीमों को अतिरिक्त मौके मिले हैं।

अन्य टीमों की तुलना में भी न्यूजीलैंड का फील्डिंग प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। दक्षिण अफ्रीका 83.3 प्रतिशत कैचिंग एफिशिएंसी के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (76.1 प्रतिशत) और भारत (75.0 प्रतिशत) काफी पीछे हैं। पाकिस्तान की स्थिति सबसे खराब रही, जहां उनकी कैचिंग सफलता दर केवल 60 प्रतिशत रही। फाइनल जैसे बड़े मुकाबले में न्यूजीलैंड की मजबूत फील्डिंग भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। छोटे-छोटे मौके बड़े मैचों में फर्क पैदा कर सकते हैं, और न्यूजीलैंड के कैचिंग और ग्राउंड फील्डिंग के स्तर को देखते हुए, वे भारत को अतिरिक्त रन नहीं देंगे।

भारत ने हाल के वर्षों में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले छह वनडे मुकाबलों में भारत ने जीत हासिल की है, जिनमें तीन आईसीसी टूर्नामेंट के मैच भी शामिल हैं। हालांकि, न्यूजीलैंड ने हमेशा बड़े मुकाबलों में भारत को टक्कर दी है और उनकी टीम इस बार भी एक कड़ी चुनौती पेश करेगी। रविवार का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां भारत अपनी अजेय लय बनाए रखने उतरेगा।

**नई गेंद से खतरनाक चुनौती**

न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी भारत के शीर्ष क्रम के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं। उन्होंने पावरप्ले में भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ 20.20 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल के विकेट भी दर्ज हैं। हालांकि, रोहित शर्मा ने हाल के मैचों में उनके खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाई है और पिछले दो मुकाबलों में हेनरी के खिलाफ 18 गेंदों पर 33 रन बनाए हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज आमतौर पर तेज शुरूआत करना पसंद करते हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्हें शुरूआत में सतर्क रहना पड़ सकता है। हालांकि, हेनरी की फिटनेस पर संशय बना हुआ है, क्योंकि सेमीफाइनल में फील्डिंग के दौरान उनके कंधे में चोट लगी थी।

**टीम संयोजन और पिच की भूमिका**

भारत को अपने अंतिम एकादश को लेकर एक बड़ा फैसला करना होगा—क्या वे कुलदीप यादव की जगह एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को खिलाएं? हालांकि, इससे उनके पास बाएं हाथ के न्यूजीलैंड बल्लेबाजों के खिलाफ स्पिन का एक प्रभावी विकल्प कम हो जाएगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड को यह तय करना होगा कि खराब फॉर्म में चल रहे विल यंग की जगह डेवोन कॉनवे को मौका दें या नहीं।दुबई की पिच धीमी और टर्निंग रही है, जिससे स्पिनरों को मदद मिली है। अब तक के चार मैचों में, जिस टीम के स्पिनर प्रभावी रहे, वह जीत दर्ज करने में सफल रही। भारत के स्पिनर तेज और सीधी गेंदबाजी करने में माहिर हैं, जो इस पिच पर कारगर साबित हो सकता है।

# डब्ल्यूपीएल : आरसीबी के लिए अब करो या मरो की स्थिति, प्लेऑफ के लिए जीतने होंगे बचे दोनों मैच

**नई दिल्ली। एजेंसी**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की थी। पहले मुकाबले में गुजरात जायंट्स के खिलाफ रिकॉर्ड 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की, फिर दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आठ विकेट से हराया। लेकिन घरेलू मैदान पर खेले गए चारों मुकाबले गंवाने के बाद अब टीम प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर है। आरसीबी के अभी छह मैचों में सिर्फ चार अंक हैं और टीम अपने बचे हुए दो मुकाबले यूपी वॉरियर्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीतकर अधिकतम आठ अंकों तक ही पहुंच सकती है। दूसरी ओर, जायंट्स और मुंबई पहले ही आठ अंकों पर हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। हालांकि आरसीबी के लिए राह मुश्किल जरूर है, लेकिन उनकी किस्मत अब भी उनके हाथों में है। वहीं, यूपी वॉरियर्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। आरसीबी की प्लेऑफ की उम्मीदें शनिवार को यूपी वॉरियर्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर टिकी हैं। हारने की स्थिति में उनकी दौड़ वहीं खत्म हो जाएगी। लेकिन जीत दर्ज करने पर आरसीबी को मुंबई इंडियंस और जायंट्स के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर नजर रखनी होगी, ताकि उन्हें यह पता चल सके कि प्लेऑफ में जाने के लिए उन्हें किस टीम से नेट रन रेट में आगे निकलना होगा। फिलहाल, जायंट्स का नेट रन रेट मुंबई से बेहतर है, लेकिन आरसीबी के लिए राहत की बात यह है कि उनका आखिरी मुकाबला मुंबई से ही होगा। आरसीबी इस समय मुंबई के नेट रन रेट से लगभग 60 रन पीछे है, लेकिन अगर वे यूपी वॉरियर्स को 10 रन से हरा दें और जायंट्स मुंबई को भी 10 रन से हरा दें, तो आरसीबी को प्लेऑफ में जाने के लिए मुंबई के खिलाफ केवल 20 रन की जीत चाहिए होगी। दूसरी ओर, जायंट्स से आगे निकलने के लिए आरसीबी को यूपी और मुंबई के खिलाफ कुल मिलाकर लगभग 62 रन के अंतर से जीत दर्ज करनी होगी, बशर्ते जायंट्स मुंबई से केवल 10 रन से हारे।

क्या दिल्ली कैपिटल्स सीधे फाइनल में पहुंचेगी? दिल्ली कैपिटल्स लीग चरण का अंत टॉप पर रहते हुए कर चुकी है, लेकिन उनकी सीधी फाइनल एंट्री तय नहीं हुई है।

# सुन मिंगहुई पैर की चोट के कारण नियमित सत्र के शेष भाग से बाहर



**हांगझोउ। एजेंसी**

झेजियांग लायंस ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनके स्टार गार्ड सुन मिंगहुई दाहिने एड़ी की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण चीनी बास्केटबॉल संघ (सीबीए) के शेष नियमित सत्र से बाहर हो गए हैं। 28 वर्षीय सुन मिंगहुई को 5 मार्च को शान्शी लूंग्स के खिलाफ 98-100 की करीबी हार के दौरान चोट लगी।

एक रिबाउंड प्रयास के दौरान उनका दायां पैर बाहरी ओर मुड़ गया। मेडिकल जांच में कैल्केनियस फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें कम से कम चार सप्ताह के आराम की सलाह दी गई है। झेजियांग लायंस वर्तमान में 31-5 के रिकॉर्ड के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर हैं, लेकिन अपने मुख्य खिलाड़ी के बिना उन्हें इस स्थिति को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ेगा। इस सत्र में सुन मिंगहुई ने औसतन 14.8 अंक, 2.9 रिबाउंड और 9.5 असिस्ट प्रति मैच का प्रदर्शन किया है।

# पाकिस्तान में न खेलना भारतीय बल्लेबाजों के लिए नुकसानदायक रहा : सौरव

**नई दिल्ली। एजेंसी**



पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि भारतीय टीम का पाकिस्तान में न खेलना उसके बल्लेबाजों के लिए नुकसानदायक साबित हुआ। उनका कहना है कि भारत ने अपने सभी चैम्पियंस ट्रॉफी मैच दुबई में खेले, लेकिन इससे कोई खास फायदा नहीं हुआ। गांगुली टाटा स्टील ट्रेलब्लेजर्स खेल सम्मेलन में बोल रहे थे, जिसका आयोजन रेवस्पोर्ट्स ने किया था। गांगुली ने स्पष्ट किया भारतीय सरकार पाकिस्तान में भारतीय टीम को खेलने की अनुमति नहीं देती। इसका बीसीसीआई या भारतीय टीम से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और शुभमन गिल जैसे प्रमुख बल्लेबाज उन पिचों पर खेलने से वंचित रह गए, जहां अन्य टीमें आसानी से 350 से अधिक रन बना रही हैं। सौरव गांगुली, जिनकी कप्तानी में भारत ने 2000 में चैम्पियंस ट्रॉफी का उपविजेता और 2002 में संयुक्त विजेता बनने की उपलब्धि हासिल की थी, उन्होंने रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारत को बढ़त देने की बात कही। हालांकि, उन्होंने न्यूजीलैंड को भारत के लिए सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी करार दिया। उन्होंने कहा न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी मजबूत है, लेकिन भारत की बल्लेबाजी अधिक शक्तिशाली है और हमारे पास भी शानदार स्पिनर हैं। कागजों पर भारत फेवरेट जरूर है, लेकिन फाइनल में कोई भी टीम फेवरेट नहीं होती।

गांगुली ने भारतीय टीम के सीमित ओवरों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप और अब चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचना शानदार उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ₹यह अविश्वसनीय सफलता है। कितनी टीमें लगातार इतने बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच पाती हैं? हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि टेस्ट क्रिकेट में भारत को सुधार की जरूरत है और यह ऐसा क्षेत्र है, जिस पर रोहित शर्मा की टीम को काम करना होगा। गांगुली ने क्रिकेट और जीवन में सफलता को लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने राहुल द्रविड़ का उदाहरण देते हुए कहा राहुल ने कहा था कि उन्होंने 600 में से 400 बार असफलता देखी। जीवन में संघर्ष के क्षण अधिक आते हैं, लेकिन असली चुनौती हर सुबह पहले से मजबूत होकर उठने की होती है।

## व्यापार

कैट ने एडीएसआई के साथ मिलकर राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन का किया आयोजन

# कैट और एडीएसआई मिलकर एक वर्ष में 5 लाख महिलाओं को बनाएंगे सशक्त

**नई दिल्ली। एजेंसी**



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को कहा कि कारोबारी संगठन कैट अपने सलाहकार और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के मार्गदर्शन में देशभर में एडीएसईआई और अन्य व्यापार निकायों के साथ मिलकर अगले एक साल में पांच लाख महिला उद्यमियों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाएगा। खंडेलवाल ने कैट और एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एंटिटीज ऑफ इंडिया के सहयोग से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयाजित राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की। इस सम्मेलन में 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश साधारण परिवारों से थीं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया।

राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कैट और एडीएसआई द्वारा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन कैट और एडीएसआई का सरकार की महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो भारत में महिला व्यापारियों और उद्यमियों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी उपस्थित रहीं।

# मारुति सुजुकी ने वाहन ऋण के लिए हीरो फिनकॉर्प से किया समझौता

**नई दिल्ली। एजेंसी**



देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने शनिवार को हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी में मारुति सुजुकी इंडिया के व्यापक नेटवर्क और हीरो फिनकॉर्प के नए और पुराने कार लोन के लिए अनुकूलित वित्तीय समाधानों का लाभ उठाया जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस एमओयू को दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप दिया गया, जिनमें मारुति सुजुकी इंडिया की ओर से मार्केटिंग और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी, एलाइड बिजनेस के उपाध्यक्ष कमल महत्ता, मारुति सुजुकी फाइनेंस एंड ड्राइविंग स्कूल के महाप्रबंधक विशाल शर्मा, हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ अभिमन्यु मुंजाल तथा दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

एमएसआईएल ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य मारुति सुजुकी के विशाल डीलरशिप नेटवर्क और हीरो फिनकॉर्प के अनुकूलित वित्तीय समाधानों का लाभ उठाना है, ताकि कार स्वामित्व को और अधिक सुलभ बनाया जा सके। वहीं, हीरो फिनकॉर्प का प्रतिनिधित्व एमडी एवं सीईओ अभिमन्यु मुंजाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर रहे थे।

# योगी ने नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट के भारत विकास केंद्र कैंपस का किया शिलान्यास

**नई दिल्ली। एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट के प्रस्तावित भारत विकास केंद्र (आईडीसी) परिसर का शिलान्यास किया। इससे माइक्रोसॉफ्ट और उप्र सरकार के बीच प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास के क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा मिलेगी और भारत को एआई-फर्स्ट नेशन बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। आईडीसी का प्रस्तावित परिसर 15 एकड़ में फैला हुआ है, जिसका बिल्ट-अप एरिया 11 लाख वर्ग फीट होगा। यह परिसर एआई, क्लाउड और सुरक्षा में प्रगति के लिए एक केंद्र के तौर पर काम करेगा, जिससे देश में माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी की उपस्थिति का विस्तार होगा। यह कैंपस एआई, क्लाउड एवं सुरक्षा के क्षेत्र में उन्नति के लिए एक हब के तौर पर काम करेगा। प्रस्तावित नोएडा कैंपस के साथ माइक्रोसॉफ्ट भारत की एआई क्षमता को मजबूती देने और इंजीनियरिंग प्रतिभाओं एवं डिजिटल नवाचार को समर्थन देने की दिशा में अपने प्रयास को आगे बढ़ाएगी।

इस अवसर पर माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं प्रेसिडेंट राजीव कुमार ने कहा कि हमारे नोएडा स्थित नए कैंपस का शिलान्यास समारोह माइक्रोसॉफ्ट की एआई प्रौद्योगिकी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जो सभी समुदायों, व्यवसायों और नागरिकों को लाभान्वित करेगा। इस प्रस्तावित कैंपस में पूरे भारत एवं विश्व की प्रतिभाएं आएंगी और उन्हें एआई, क्लाउड एवं सुरक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने के लिए सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हम इस सपने को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार एवं नोएडा प्राधिकरण की ओर से मिले सहयोग की सराहना करते हैं।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, रविवार 09 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### प्राइवेट पार्ट्स में डंडा डालकर की थी हत्या

**हरिद्वार।** व्यक्ति की निर्मम तरीके से हत्या करने के आरोपित को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है। आरोपित घटना को अंजाम देने के बाद गिरफ्तारी के डर से जंगल में छुपा हुआ था। जनपद के थाना बुग्गावाला क्षेत्र के ग्राम हरिपुर टोगिया में बीते रोज एक व्यक्ति की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। हत्या के संबंध में मृतक के भाई ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर अपने भाई शीश कुमार के साथ मारपीट करने व प्राइवेट पार्ट्स में गन्ना, डंडा डालकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्रमोद कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### सड़क हादसे में आरक्षक की मौत

**कोरबा।** कोरबा जिले में बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में पुलिस आरक्षक की मौत हो गई। दीपका थाने में पदस्थ एक आरक्षक रात्रिकालीन ड्यूटी पर जाने के लिए अपने घर से निकला था, इसी बीच रास्ते में वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह हादसा शुक्रवार की देर रात बांकीमोंगरा जवाली मुख्य मार्ग पर हुआ है। मृतक आरक्षक भूपेंद्र कंवर दीपका थाना में पदस्थ थे। वे कटघोरा थाना क्षेत्र के कदोरा गांव के निवासी थे। आरक्षक रात्रिकालीन ड्यूटी पर जाने के लिए अपने घर से निकले थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दी शुभकामनाएं



**भोपाल।** शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। हर वर्ष महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर महिला शक्ति को नमन करते हुए शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। नारी शक्ति ही सृजन और समृद्धि की आधारशिला है। मध्यप्रदेश की सभी माताओं, बहनों और बेटियों के जीवन को खुशहाल बनाना मेरे जीवन का ध्येय है। आपके सशक्त, आत्मनिर्भर और गरिमापूर्ण भविष्य के लिए सतत प्रयास के लिए संकल्पित हूं।

### बोलेरो वाहन पेड़ से टकराई, दो लोगों की मौत

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित हो कर पेड़ से जा टकराई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल है। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल भेजा। वहीं मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रतापपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर तिराहे के पास आज सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में वाहन चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई है, वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल है।

### घर से लाखों की नकदी और जेवर चोरी

**पलवल।** पलवल की भाटिया कॉलोनी में चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की नकदी और कीमती जेवरात चुरा लिए। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार घटना के समय मकान मालिक देवेंद्र कुमार अपनी पत्नी के साथ गुरुग्राम में रिश्तेदारी में गए हुए थे। चोरों ने मकान की छत पर लगे जाल को हटा कर घर में प्रवेश किया।

### डंपर ने चार लोगों को कुचला, तीन की मौत

**बाड़मेर।** जिले के धोरीमन्ना थाने के लूखू भाखरी गांव के पास शुक्रवार रात पत्थरों से भरे डंपर ने सड़क किनारे चल रहे चार लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में जान गंवाने वाले पति-पत्नी और पोता है। गुड़ामालानी डीएसपी सुखराम विश्नोई ने बताया कि जहां ये हादसा हुआ वह नेशनल हाईवे-68 है, जो कांडला पोर्ट से पंजाब की तरफ जाता है। लुखु भाखरी गांव के पास ही इन लोगों का खेत है। ये सभी किसान परिवार से है। रात को ये खेत से घर की तरफ जा रहे थे।

### नशे की खेप सहित गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने नशा तस्करी के मामले में नशा तस्कर को काबू करके उसके कब्जे से 50 लाख रुपये कीमत की 16 किलो 306 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपित की पहचान पप्पू चौधरी वासी कौमना झारखंड, रणजीत यादव वासी घंघरी झारखंड व सिमरनजीत सिंह वासी डुमरी झारखंड के रूप में हुई है। डीएसपी उचाना संजय कुमार ने बताया कि सीआईए स्टाफ जींद की टीम ने सीआईए इंचार्ज मनीष के नेतृत्व में उप निरीक्षक कुलदीप को सूचना मिली कि पप्पू चौधरी , रणजीत यादव व सिमरनजीत सिंह नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करते है।

# सरकार सैटेलाइट टाउनशिप स्थापित करने का इरादा रखती है : सीएम उमर

● जनसांख्यिकीय इंजीनियरिंग और पर्यावरणीय आपदाओं के डर को बढ़ाता है
● सरकार को जम्मू और कश्मीर के लोगों की परिभाषा पर स्पष्ट होना चाहिए क्योंकि यह बहुत अस्पष्ट है



**जम्मू। एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर सरकार ने सोमवार को कहा कि वह केंद्र शासित प्रदेश में अनियोजित शहरी विस्तार को रोकने और लोगों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सैटेलाइट टाउनशिप स्थापित करने का इरादा रखती है। आवास और शहरी विकास विभाग के प्रभारी मुख्यमंत्री उमर ने पुलवामा के विधायक वहीद-उर-रहमान पारा के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हां सरकार जम्मू-कश्मीर में सैटेलाइट टाउनशिप स्थापित करने का इरादा रखती है। हम अनियोजित शहरी विस्तार को रोकना चाहते हैं और लोगों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने जम्मू-कश्मीर में सैटेलाइट टाउनशिप के लिए जम्मू-कश्मीर में नौ स्थानों पर 1298.28 कनाल भूमि की पहचान की है। इनमें से 30 कनाल पदगामपुरा (पुलवामा), 200 कनाल वाटापोरा (बांदीपोरा), 85 कनाल भलवाल (जम्मू), 81.48 कनाल चनग्रान (कठुआ), 353.35 कनाल छत्तरहामा (श्रीनगर), 214 कनाल बकुरा (गांदरबल), 248.65 कनाल चक भलवाल (जम्मू), 69 कनाल च्वाद्धि (जम्मू) और 16.80 कनाल कनुइयन (पुंछ) में चिह्नित किए गए हैं। पूरक प्रश्न पूछते हुए विधायक पुलवामा वहीदुर्रहमान पारा ने कहा कि टाउनशिप का विचार डरावना है और जनसांख्यिकीय इंजीनियरिंग और पर्यावरणीय आपदाओं के डर को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि सरकार को जम्मू और कश्मीर के लोगों की परिभाषा पर स्पष्ट होना चाहिए क्योंकि यह बहुत अस्पष्ट है। पारा ने कहा कि सैटेलाइट टाउनशिप स्थापित करने के बारे में सरकार की स्वीकारोक्ति मुख्यमंत्री के पहले के बयान के विपरीत है जिसमें उन्होंने कहा था कि सैटेलाइट टाउनशिप के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

## प्राकृतिक आपदा उपकर पर मंत्रीसमूह में शामिल हुए उत्तराखंड के वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद

**देहरादून। एजेंसी**



उत्तराखंड के वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल को प्राकृतिक आपदाओं के मामलों में राजस्व जुटाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) में सदस्य नामित किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया। जीएसटी परिषद ने किसी राज्य में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में विशेष आपदा उपकर लगाने के लिये मंत्रियों के समूह का गठन किया है। इस सात सदस्यीय मंत्रीसमूह में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, उत्तरखंड के वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल, असम के अजंता नियोग, छत्तीसगढ़ से ओपी चौधरी, गुजरात से कनुभाई देसाई, केरल से केएन बालगोपाल और पश्चिम बंगाल से चंद्रिमा भट्टाचार्य शामिल है।

मंत्री समूह के सदस्य प्राकृतिक आपदा या आपदाओं के मामले में राजस्व जुटाने के लिये राज्यों द्वारा विशेष उपकर लगाने की संवैधानिक और कानूनी जांच करेंगे। जीएसटी व्यवस्था के तहत राज्यों द्वारा ऐसे विशेष उपकर लगाने के उद्देश्य से किसी घटना को प्राकृतिक आपदा के रूप में वर्गीकृत करने के लिये उपयोग किये जाने वाले ढांचे की जांच और पहचान करना है।

इसके अलावा यह जांच करना कि क्या जीएसटी मूल ढांचे में बदलाव किये बिना प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राज्यों की मदद के लिये कोई वैकल्पिक तंत्र तैयार किया जा सकता है। साथ ही यह भी जांच की जानी चाहिए कि क्या विशेष उपकर को कुछ विशिष्ट क्षेत्रों तक ही सीमित रखा जाना चाहिए या सभी क्षेत्रों पर लागू किया जाना चाहिए।

# पाकिस्तान ने अफगानी शरणार्थियों को 31 मार्च तक देश छोड़ने को कहा

**इस्लामाबाद। एजेंसी**



अवैध शरणार्थियों के खिलाफ पाकिस्तान भी अमेरिका की तरह सख्त कदम उठाने जा रहा है। पाकिस्तान ने अवैध शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड धारकों को 31 मार्च तक देश छोड़कर जाने को कहा है। निर्धारित समय के भीतर अगर उन्होंने स्वेच्छा से पाकिस्तान नहीं छोड़ा तो उन्हें 1 अप्रैल से जबरन निर्वासित किया जाएगा। यह निर्णय सरकार के अवैध विदेशी वापसी कार्यक्रम का हिस्सा है, जो शहबाज शरीफ सरकार ने 1 नवंबर 2023 से लागू किया था। समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने घोषणा की है कि सभी अफगान नागरिकता कार्ड धारकों और अवैध विदेशी नागरिकों को 31 मार्च 2025 तक देश छोड़ना होगा। जो लोग इस समय सीमा के भीतर स्वेच्छा से वापस नहीं लौटेंगे, उनके 1 अप्रैल 2025 से जबरन निर्वासन की प्रक्रिया शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि निष्कासन की प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान अपनी सीमा में हो रहे आतंकवादी हमलों और अपराधों के लिए लगातार अफगान नागरिकों को दोषी ठहरा रहा है। इन आरोपों के आधार पर साल 2023 में पाकिस्तान सरकार ने अवैध अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने का अभियान शुरू किया था। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2023 के बाद से अब तक 8 लाख से अधिक अफगानी पाकिस्तान से अफगानिस्तान लौट चुके हैं। पाकिस्तान ने लगभग 2.8 करोड़ अफगान शरणार्थियों को शरण दी है।

अफगानिस्तान में पिछले 40 साल से जारी संघर्षों के दौरान ये शरणार्थी अलग-अलग समय पर पाकिस्तान पहुंचे हैं। खास बात यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लाखों अफगान नागरिकों ने पड़ोसी देशों का रुख किया जिनमें सबसे ज्यादा संख्या में पाकिस्तान और ईरान पहुंचे।

## दोबारा गृहयुद्ध की चपेट में आता सीरिया, सुरक्षाबल व असद समर्थकों में खूनी संघर्ष

**दमिश्क। एजेंसी**



सीरिया एकबार फिर गृहयुद्ध की चपेट में है। देश के नये शासन और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद समर्थकों के बीच गुरुवार को शुरू हुआ खूनी संघर्ष लगातार जारी है। इस टकराव में अबतक करीब 200 लोगों की जान जा चुकी है। दिसंबर में विद्रोहियों ने असद को सत्ता से हटा दिया था, जिसके बाद से पहली बार सीरिया में हिंसा का यह दौर शुरू हुआ है। 14 साल तक गृहयुद्ध की आग में जले सीरिया में पिछले साल तब शांति का दावा किया जा रहा था जब इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व वाले विद्रोही समूह ने देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद ने देश छोड़कर रूस में शरण ली। हालांकि चंद महीने बाद ही गुरुवार को दोबारा हिंसा शुरू हो गई। समाचार एजेंसी सना के मुताबिक सरकारी सुरक्षा बलों ने तटीय शहर जबलेह के पास एक वांछित व्यक्ति को हिरासत में लेने की कोशिश की और असद समर्थकों ने इसका विरोध करते हुए सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया। जिसके बाद से सुरक्षा बल के जवान, पूर्व राष्ट्रपति असद समर्थकों पर हमले कर रहे हैं। खासतौर पर उन इलाकों में सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई चल रही है जहां असद समर्थक और उनके परिवार का गढ़ है। सीरिया के तटीय प्रांत लातकिया में सुरक्षा बलों और बंदूकधारियों के बीच ऐसा ही खूनी टकराव हुआ जिसमें 70 लोगों की मौत हो गई।

### पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना पुलिस ने मुठभेड़ में एक शातिर चेन लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से लुटेरा घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी स्वतंत्र कुमार ने बताया शनिवार को बताया कि कविनगर थाना की पुलिस टीम विवेकानंद तिराहा से महाराणा प्रताप चौक के पास सघन वाहन चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक संदिग्ध मोटर साइकिल सवार युवक शास्त्री नगर चौराहे की तरफ से आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब उसे रोकने का इशारा किया गया तो वह मुड़कर भागने लगा। कुछ दूर आगे जाने पर मोटर साइकिल से युवक सड़क किनारे गिर गया। पुलिस से खुद खो घिरता देख युवक ने फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने बचाव में जवाबी कार्यवाही की और बदमाश के बाए पैर में गोली जा लगी और घायल हो गया। एसीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ग्राम शाहपुर मोरटा थाना मुरादनगर का रहने वाला शातिर लुटेरा सुकेश उर्फ राजा है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह अपने साथी पंकज निवासी नंदग्राम के साथ मिलकर अलग अलग वाहन बदलकर चेन स्नेचिंग व मोबाइल लूट की घटनाएं करते हैं।

## कनखल नगरी पौराणिक नगरी है : संजय गुप्ता

**हरिद्वार। एजेंसी**



वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने हरिद्वार बस स्टैण्ड को चंडी द्वीप पर स्थानांतरित करने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि बस स्टैंड को स्थानांतरित ही करना है तो उसे कनखल स्थित दक्षद्वीप पर किया जाना चाहिए, जिससे क्षेत्र का विकास होगा और आमजन को सुविधा भी होगी। उन्होंने जारी बयान में कहा कि कनखल नगरी पौराणिक नगरी है। यह ब्रह्मा के पुत्र राजा दक्ष की राजधानी, मां सती का जन्म स्थान तथा भगवान शिव की ससुराल है। विकास की दृष्टि से कनखल नगरी आज तक उपेक्षित रही है।

यदि बस स्टैंड चंडी द्वीप के स्थान पर कनखल स्थित दक्षद्वीप में बनाया जाता है तो इससे इस पौराणिक नगरी का विकास होगा, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीर्थों को दिव्य, भव्य और विकसित करने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने कहा कि यदि बस स्टैंड को दक्षद्वीप में बनाया जाता है तो इससे कानखल नगरी का विकास होगा और बरसों से उपेक्षित यह पौराणिक नगरी विश्वपटल पर फिर से उभर कर आएगी।

### वकील हत्याकांड मामले में अजमेर सहित चार शहर बंद

**जयपुर।** पुष्कर में वकील की हत्या के विरोध में शनिवार को अजमेर, पुष्कर, नसीराबाद और ब्यावर बंद है। चारों शहरों में वकील समुदाय बंद करवाने सड़कों पर निकला है। बंद के दौरान अजमेर रेलवे स्टेशन के सामने होटल और दुकान खुली देख वकील भड़क गए। उन्होंने दुकान-होटल की जाली पर डंडे मारे और दुकान बंद करने को कहा। दुकानों के सामान भी बाहर फेंक दिए। इस दौरान कुछ वकील गुस्साए साथियों को शांत कराते रहे। रामगंज चौराहे से गुजर रहे टेम्पो को रुकवाया और सवारियों को नीचे उतर वाया गया। वकील ब्यावर रोड स्थित सब्जी मंडी पहुंचे। यहां भी दुकानें खुली थीं। यह देख गुस्साए वकीलों ने मंडी बंद कराई। एक वकील के हाथ में डंडा था। पुलिसकर्मियों के साथ इसको लेकर छीना-झपटी भी हुई। इससे आंदोलनकारी भड़क गए और पुलिस से भी झड़प हो गई। पुष्कर के बाजार भी पूरी तरह से बंद हैं।

## भारत में महिलाओं के संवैधानिक अधिकार और वास्तविक स्थिति में अंतर : डॉ. नीतू

**फतेहाबाद। एजेंसी**



116वें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला फतेहाबाद द्वारा शनिवार को महिलाओं की वर्तमान स्थिति और हालात पर परिचर्चा की तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की जिला वरिष्ठ उपप्रधान डॉ नीतू डुडेजा व ब्लाक उप प्रधान दलवन्ती ने की तथा संचालन पूजा नागपाल ने किया। इस अवसर पर जहां महिला अधिकारों को लेकर चर्चा की गई और महिला टीचर्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यापक संघ महिला विंग की जिला कन्वीनर डॉ. नीतू डूडेजा, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, जिला प्रधान राजपाल मिताथल व सचिव देशराज माचरा ने बताया कि भारत में महिलाओं के संवैधानिक अधिकार बनाम वास्तविक स्थिति में दिन रात का अन्तर है। भारत का संविधान महिलाओं को समानता, सुरक्षा और गरिमा का अधिकार प्रदान करता है, लेकिन व्यवहार में महिलाओं की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। लैंगिक अनुपात प्रति 1 हजार पुरुषों पर 910 महिलाएं हैं। भ्रूण हत्याएं जारी हैं। शिक्षा में असमानता 2021 के अनुसार, भारत में महिला साक्षरता दर 70.3 प्रतिशत है, जो पुरुषों की साक्षरता दर 84.7 प्रतिशत से कम है। राजनीतिक भागीदारी की बात करें तो संसद में 1947 से अब तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 8 से 14 प्रतिशत की बीच बना रहा है, जोकि 50 प्रतिशत से बहुत कम हैं।

# जेपी नड्डा के दो दिवसीय प्रवास से हिमाचल को मिली सौगातें : बिंदल

**शिमला। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, उर्वरक एवं रसायन मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का दो दिवसीय हिमाचल प्रवास प्रदेश के लिए अत्यंत कल्याणकारी साबित हुआ है। इस दौरान नड्डा ने स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में कई बड़ी सौगातें दीं, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। डॉ. बिंदल ने शनिवार को एक बयान में कहा कि नड्डा के प्रयासों से हिमाचल के बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक भव्य चिकित्सा संस्थान के रूप में विकसित किया गया है। इसी कड़ी में अब एम्स में कैंसर जैसे घातक रोगों के निदान के लिए आधुनिक पैट स्कैन मशीन स्थापित की गई है, जो प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अपनी तरह की पहली मशीन है। इस मशीन के माध्यम से कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाया जा सकेगा जिससे मरीजों को समय रहते उपचार मिल सकेगा।



● संक्रामक रोगों की जांच व अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी
● प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अपनी तरह की पहली मशीन है
● मरीजों को समय रहते उपचार मिल सकेगा
● परियोजनाएं प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित हो रही हैं

डॉ. बिंदल ने बताया कि नड्डा ने एम्स बिलासपुर में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से एक सराय के निर्माण का भूमि पूजन किया, जहां मरीजों के तीमारदारों और अभिभावकों को ठहरने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक वायरोलॉजी लैब की आधारशिला भी नड्डा ने रखी, जिससे प्रदेश में संक्रामक रोगों की जांच व अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चंबा, हमीरपुर और नाहन में मेडिकल कॉलेज खोलने और प्रत्येक के लिए 265-265 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाने में नड्डा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके अलावा, हिमाचल के कई हिस्सों में मातृ-शिशु स्वास्थ्य संस्थान खोलने के लिए करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत करवाई गई है। डॉ. बिंदल ने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को सड़क, रेल और जल आपूर्ति जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में भरपूर सहायता मिल रही है। चार लेन हाईवे, रेलवे विस्तार और हर घर जल योजना जैसी परियोजनाएं प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जब नड्डा हिमाचल के विकास के लिए प्रयासरत हैं, तब कांग्रेस के नेता अनर्गल बयानबाजी कर ओछी राजनीति कर रहे हैं। बिंदल ने कहा कि आपदा के समय नड्डा ने पांच बार हिमाचल का दौरा किया और 1786 करोड़ रुपये की राहत राशि प्रदेश के लिए स्वीकृत करवाई लेकिन कांग्रेस के नेता नड्डा के योगदान को नजरअंदाज कर राजनीति चमकाने में लगे हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश सरकार के कामकाज से जनता परेशान है। युवाओं, किसानों और महिलाओं को झूठी गारंटियों से गुमराह किया गया और अब जब जनता सड़कों पर उतर रही है, हड़तालें हो रही हैं तो सरकार के पास कोई समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के विकास कार्यों को ठप कर दिया है और अब अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भाजपा नेताओं पर आरोप-प्रत्यारोप कर रही है।

## महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा समाज प्रगति करता है: केशव

**लखनऊ। एजेंसी**



अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति सृजन की आधारशिला है, समाज की आत्मा है और बदलाव की सबसे बड़ी वाहक है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा समाज प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि आज हमारी मातृशक्ति देश व समाज की सेवा में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रही है और आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। हमारी माताएं-बहनें निरंतर आगे बढ़े और उन्नति के नए कीर्तिमान गढ़े, इसके लिए डबल इंजन की सरकार समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुआ है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनें, विद्युत सखी, लखपति दीदी व अन्य दीदियां सशक्तिकरण की मिसाल बनी हैं।

